
रांची, शुक्रवार
26.04.2024
वर्ष : 9, अंक : 145 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### जमशेदपुर सीट से झामुमो ने समीर मोहंती पर खेला दांव



**रांची:** जमशेदपुर संसदीय सीट से झामुमो ने समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है. समीर मोहंती फिलहाल बहरागोड़ा से झामुमो के विधायक हैं. इस तरह अब इंडिया गठबंधन ने झारखंड के सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है. इन सीट पर पहले से कई नामों की चर्चा हो रही थी. जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम भी आगे चल रहा था. लेकिन गुरुवार को समीर मोहंती के नाम पर पार्टी ने मुहर लगा दी है.

### ओडिशा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो माओवादियों को किया ढेर

**ओडिशा :** ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के विशिष्ट विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा, अभियान स्थल से दो माओवादियों के शव, हथियार, हथगोले और अन्य सामान बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों का यह अभियान बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मुताबिक मारे गए माओवादियों की पहचान सुनील और संतू के रूप में की गई है। दोनों माओवादियों की 8वीं कंपनी से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि सुनील छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था जबकि संतू राज्य के बीजापुर का रहने वाला था।

### हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में राहुल-हेमा समेत 1200 से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी, हेमा मालिनी और ओम बिरला समेत 1200 से अधिक उम्मीदवारों के राजनीतिक किस्मत का फैसला लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को होगा। इस चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरण एक जून तक जारी रहेंगे और मतगणना चार जून को होगी।



निर्वाचन आयोग (ईसी) ने कहा कि 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिलाएं और 5,929 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। लगभग 34.8 लाख मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार अपना वोट डालेंगे। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष की उम्र वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए बिहार के चार निर्वाचन क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों पर मतदान का समय बढ़ा दिया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक उम्मीदवार के निधन के कारण मध्य प्रदेश की बेतूल सीट पर मतदान तीसरे चरण के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण में मैदान में 1,202 उम्मीदवार हैं जिनमें 1,098 पुरुष, 102 महिला और दो तीसरे लिंग के हैं। चुनाव और सुरक्षाकर्मियों को लाने-ले जाने के लिए कम से कम तीन हेलीकॉप्टर, चार विशेष रेलगाड़ियां और लगभग 80,000 वाहन तैनात किए गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शशि थरूर, अभिनेता से नेता बने अरुण गोविल लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं, जबकि भाजपा की हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत की कोशिश अपने-अपने क्षेत्र से जीत की ह्यहैट्रिकह्न बनाने की होगी।

# भाजपा के शासनकाल में महंगाई से जनता त्रस्त : चंपाई

बिभा संवाददाता

**गुमला/रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई से जनता त्रस्त है। 2014 में महंगाई कम थी,सिलेंडर के दाम कम थे,युवाओं को रोजगार मिल रहा था लेकिन यह झूठे वादे कर महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आए और उस समय से जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। सोरेन गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के नामांकन के अवसर पर टाउन हॉल में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आवास योजना को भी पैसा देना बंद कर दिया तब हम लोगों ने अबुवा आवास योजना लाया। तीन कमरा का मकान देने का काम कर रहे हैं और छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार दे रही हैं। साथ ही सर्वजन पेंशन भी हमारी सरकार दे रही है। आईएनडीआईए गठबंधन के



प्रत्याशियों को झामुमो, राजद, कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता और विधायक सभी मिलकर 14 सीट पर विजयी बनायेंगे।

मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि इस बार के चुनाव में आपने अगर इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि को चुनकर लोकसभा में भेजने का काम किया तो अगले पांच वर्षों में आप देखेंगे कि इन्होंने आपके लिए क्या काम किया। मैं सभी विधायकों और नेताओं से कहता हूं कि आप अपने-अपने क्षेत्र में आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती प्रदान करते हुए जीत दिलाने का काम करें।

कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस देश की अस्मिता को बचाए रखना हमारा आपका धर्म है ।आज भाजपा के कुकर्मों की वजह से इस देश में लोग एक दूसरे को शक की निगाह से देख रहे हैं। हिंदू -मुस्लिम को और मुस्लिम-हिंदू को शक की निगाह से देख रहा है। इनका काम यही है लेकिन हमें और आपको इस दौर में सावधान रहना है। ताकि इस देश में शांति कायम रहे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों में जेल भेज कर भाजपा अपनी मानसिकता दर्शा दी है कि यह अपने स्वार्थ में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य मुद्दों पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मंगलसूत्र,मटन,मछली और मुस्लिम के मामले में देश की जनता को उलझाने का काम कर रहे हैं। लेकिन इस बार आपको इस झांसे में नहीं आना है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा ने इस देश में बेरोजगारों की एक फौज खड़ी कर दी है। महंगाई की मार से देश का हर घर मे हाहाकार मचा हुआ है लेकिन चुनाव जीतने के लिए हर तरह के झूठ और पुनः जनता को बेवकूफ बनाने वाले वादों से प्रधानमंत्री मोदी चूक नहीं रहे हैं।

पीएम मोदी का सपा और कांग्रेस पर निशाना, कहा-

# तुष्टिकरण की राजनीति के लिए दो शहजादे एक साथ आए

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए दो शहजादे एक साथ आ गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर स्पष्ट रूप से हमला करते हुए मोदी ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, क्या आप दो लड़कों की फ्लॉप जोड़ी से विकास की उम्मीद कर सकते हैं। मोदी ने यहां शाहजहांपुर और आसपास के लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, तुष्टीकरण की राजनीति दो शहजादे के एक साथ आने का सबसे बड़ा कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। यह चुनाव... आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है, और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। उन्होंने कहा, इस बार आपका वोट... देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने



वाला है। आपका वोट ही है जो आतंकवाद को काबू में रखेगा और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा... इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने केहा कि उनकी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता हैं। मोदी ने कहा, हमने चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकतर महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा, पहले लखनऊ-कानपुर में आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम ही नहीं किया, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें।

## कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से लड़ेंगी उपचुनाव

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बृहस्पतिवार को कहा कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव लड़ेंगी। झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के कारण गिरिडीह जिले में स्थित यह सीट खाली हुई है।

गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को होगा जब राज्य में संसदीय चुनाव के तहत वोट डाले जाएंगे। कल्पना गृहणी हैं और उनकी शैक्षिक योग्यता



एम.टेक तथा एमबीए है। उन्होंने ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपाडा में स्कूली शिक्षा प्राप्त की और इंजीनियरिंग तथा एमबीए की पढ़ाई भुवनेश्वर के अलग-अलग संस्थानों से की।

उनका राजनीतिक सफर चार मार्च को गिरिडीह जिले में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस समारोह से शुरू हुआ, जब उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। इसमें उन्होंने दावा किया कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनने के बाद से विरोधियों द्वारा एक साजिश रची गई थी और उनके पति को जेल में डालने वाली ताकतों को झारखंड मुंहतोड़ जवाब देगा। उनके पति हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

## पटना के होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत, दो गंभीर

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एक होटल में बृहस्पतिवार को अचानक भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालात गंभीर बनी हुई है। वहीं, इस हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज पटना के पीएमसीएच अस्पताल में चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है।

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में बृहस्पतिवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि



दो अन्य की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

उन्होंने बताया दो अन्य व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। प्रकाशा ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलायी गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित उक्त बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन दस्ते द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आग पर काबू पा लिया गया है।

हादसा स्थल पर अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर उपमहानिरीक्षक ने कहा, आग कैसे लगी, इस बारे में तत्काल पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारण की जानकारी मिल सकेगी।

## 527 भारतीय उत्पादों में कैंसर फैलाने वाला केमिकल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** यूरोपीय यूनियन ने सितंबर 2020 से लेकर अप्रैल 2024 के मध्य भारत द्वारा निर्यात किए गए 527 उत्पादों में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां पैदा करने वाले तत्व पाए हैं। हाल ही में हांगकांग और सिंगापुर ने भारतीय उत्पादों में एथिलिन ऑक्साइड पाए जाने के कारण इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी तरह के तत्व यूरोपियन फूड सेफ्टी ऑथोरिटी के अधिकारियों को पिछले करीब चार साल में भारतीय उत्पादों में देखने को मिले हैं। जिन भारतीय उत्पादों में कैंसर की बीमारी फैलाने वाले तत्व पाए गए हैं। उनमें ज्यादातर ड्राई फ्रूट और तिल (313),



मसाले (60), डाइटिक फूड (48) और अन्य फूड आइटम (34) शामिल हैं। यूरोपियन फूड ऑथोरिटी द्वारा करीब 87 भारतीय कंसाइनमेंट को सीमाओं पर ही रोक दिया गया था, जबकि अन्य उत्पादों को बाद में बाजार में से हटाया गया। एथिलिन ऑक्साइड एक बेरंगी गैस है। इसका इस्तेमाल पेस्ट्रीसाइड के तौर पर होता है। इस केमिकल को मेडिकल उपकरणों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खाने की चीजों में इसके इस्तेमाल से लिम्फोमा और लिकुमिया जैसे कैंसर होते हैं। यूरोपियन यूनियन के सदस्यों द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच के लिए बनाए गए रैपिल अलर्ट सिस्ट फॉर फूड एंड फीड (आरएएसएफएफ) के आंकड़ों के मुताबिक, भारत से यूरोप भेजे गए 525 फूड उत्पादों और दो फीड उत्पादों में इस तरह के तत्व पाए गए। जांच में 332 उत्पाद ऐसे पाए गए जिनका मूल भारतीय है।

रमैया एडवांस टेस्टिंग लैब के सीईओ जुबिन जॉर्ज का कहना है कि एथिलिन ऑक्साइड के अलावा इन उत्पादों में एथिलिन ग्लाइकोल जैसे तत्व भी पाए गए हैं। इसी तरह के उत्पादों के कारण अफ्रीका में कफ सीरफ पीने के चलते बच्चों की मौत हुई थी। उनका कहना है कि भारत के फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) और केंद्र सरकार को इस मामले में जांच करनी चाहिए और इन उत्पादों के वैकल्पिक प्रबंध करने चाहिए। इसके साथ ही भारत की फूड इंडस्ट्री को भी इस तरह के उत्पाद पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक ना हों। सितंबर 2021 में स्पाइस बोर्ड ने भारत के मसाला निर्यातकों को उनके मसालों में पाए जाने वाले केमिकल्स की जांच करने के लिए कहा था। इसके बाद भारत में 2022 और 2023 में 121 उत्पाद ऐसे पाए गए थे। जिनमें बीमारियां फैलाने वाले तत्व थे। लिहाजा भारत के उत्पाद अभी तक विदेशी सुरक्षा मानकों के मामले में खरे नहीं उतर पाए हैं।

## व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं ।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है।

शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ व्हाट्सएप को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे ।इस सेवा के शुरू होने से बार के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी।

मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा, यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने बच्चों के बीच किया खेल कूद का आयोजन



**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम Every Kid Healthy Week के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन सुबह 09:30 बजे राणी सती विद्यालय के बच्चों के साथ खेल - कूद का आयोजन किया। जिसमें बोरा दौड़, किताब नियंत्रण दौड़ और चमच्च झ अंटा दौड़ की प्रतियोगिता हुई , जिसमें विजताओ को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद बच्चों के बीच में ताजे फल और जूस का वितरण किया गया। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधक ने साथ दिया, जिसके लिए शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने भी शाखा के कार्य की सराहना और प्रशंसा की। कार्य को सफल बनाने में शाखा के सदस्यों का भरपूर साथ रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा सर्राफ, दीपिका मोतिका, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार उपस्थित थी।

### विधायक ने ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने की माँग की

**रांची :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने झारखंड के माननीय राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री को एक स्मार पत्र भेजा है जिसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी द्वारा बाघमारा विधानसभा क्षेत्र मे, जहां से वे सम्प्रति विधायक हैं, ग्रामीणों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचार का संक्षिप्त ब्यौरा है. विधायक जी के ग्रामवासी भी इससे अछूता नहीं है. उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है और जेल की उंची दीवार की तरह ऊँची चहारदीवारी खडाकर चारों ओर से घेर लिया है. एक ग्रामीण पथ को भी चहारदीवारी के भीतर कर उसपर बड़ा सा गेट लगा दिया है. इस स्मार पत्र में उपर्युक्त के बारे में ग्रामीणों के नाम सहित आँखों देखा ब्यौरा दिया गया है जो स्वतः स्पष्ट है. श्री राय ने ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन एवं सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की माँग माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है. राज्यपाल फि लहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर है. उनके आने पर श्री राय उनसे मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएँगे.

### चतरा के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को करेंगे नामांकन

**रांची :** चतरा में एनडीए के प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। श्री मरांडी चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन आज



**रांची :** 26 अप्रैल को सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कल एक दिन समय। आपको जानकारी हो की आज सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए । कल भी सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

### अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

# मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि कर्फ्यू जैसा नहीं रहे माहौल : के. रवि

बिभा संवाददाता



राँची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा नहीं रहे।

आम नगारिकों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल 2024 तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचें और मतदान करें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी नहीं हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें। बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा , एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जबकि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

### मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

**रांचीः** चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव गृह मनीषा तिग्गा, संयुक्त श्रम आयुक्त, राकेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## वोट कर ही प्रजातान्त्रिक सरकार बनायी जा सकती हैः उपायुक्त

बिभा संवाददाता




**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज, राँची के फादर सी. डिब्रावर ऑडिटोरियम में जिला निर्वाचन कार्यालय राँची व एलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब, राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति मार्गदर्शन व जागरूक करना जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की विशेष मौजूदगी रही कॉलेज के छात्रों ने चुनाव को कर्तव्यबोध समझकर इस कार्यक्रम में भाग लियो

कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एस.जे. व निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राँची जिला के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग अगर इस महापर्व में भाग नहीं लेंगे तो संविधान के उद्देशिका के अनुसार लोकतान्त्रिक सरकार नहीं बन पायेगी वोट कर दूसरों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित करें राँची जिला को वोट करने के लिए सर्वश्रेस्ठ सम्मान मिले उन्होंने कहा कि कॉलेज हमेशा से ऐसे कार्यक्रमों का हिस्सा बना और आगे भी सहयोग करता रहेगो कार्यक्रम में उपस्थित राँची जिला स्वीप के नोडल पदाधिकारी व डीडीसी राँची दिनेश कुमार यादव ने वहां पर मौजूद विद्यर्थियों को बताया कि मतदान करना कितना आवश्यक है जिला निर्वाचन कार्यालय लगातार इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब जैसी संस्थाओं के साथ मतदाओं को प्रशिक्षण, जागरूक और उन्हें प्रेरित करने का कार्य कर रहा है उन्होंने मतदाता सूची से जुड़ने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रक्रिया के बारे में भी बतायो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व राँची जिला के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो 18 वर्ष की उम्र के हो गए हैं वैसे प्रत्येक नागरिक को वोटर आई डी बनवा लेना चाहिऐ मतदान कर युवा वर्ग ही भारत के भविष्य को गढ़ और संवार सकते हैं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एस.जे. ने राँची जिला निर्वाचन कार्यालय व पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यालय ने हर तरह के प्रशिक्षण व वोटर कार्ड बनाने से लेकर मतदान करने क्रियाविधि को समझाया व कॉलेज परिसर में मतदान सामग्री को अवलोकन के लिए रखो इस दौरान प्राचार्य ने ह्लकौन गढ़ेगा देश को, मेरा वोट , मेरा वोटह्व जैसे नारों से विद्यार्थियों को प्रेरित कियो कार्यक्रम के दौरान ह्लवोट करेगा राँचीह्व गाना को भी प्रदर्शित किया गया और अंत में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गयो

मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज,एस. जे, इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब के अध्यक्ष प्रो. बी. के सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ. आसुतोष पाण्डेय, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर व वरिष्ठ प्राध्यापकगण और कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## शातिर ठग गिरफ्तार, 1.74 लाख रुपये बरामद

बिभा संवाददाता

**रांची।** रांची की लालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा है, बरामद किया है। इसके अलावा अलग-अलग व्यक्ति का आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर ठग दीपक कुमार श्रीवास्तव मोरहाबादी मैदान में आकर कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। साथ ही सरकारी विभाग का स्टांप-मोहर भी रखे हुए है। वह कई थानों के दर्ज मामले में वांछित है। सूचना के बाद लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने शातिर ठग को मोरहाबादी मैदान में पकड़ लिया। इसके बैग से ठगी किया हुआ पैसा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद मोहर, पासबुक, चेक का उपयोग वह ठगी के लिए करता है।

एसएसपी ने बताया कि लालपुर थाना के एक पुराने मामले (कांड सं0-258/17) में विगत छह वर्षों से वह फरार था। इसका स्थायी पता उपलब्ध नहीं रहने के कारण पुलिस ठग को पकड़ नहीं पा रही थी। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में कल्याण विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 155 लोगों से 75 लाख 65 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपित ने पैसे की लालच में ठगी करता था।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग क्रिकेट आज से

बिभा संवाददाता



**रांची :** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल की रांची शाखा द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाला क्रिकेट श्रंखला सी ऐ पी एल 2024 सौजन्य यूनाइटेड एशिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड एवं पॉवर्ड बाए प्रेमसंस मोटर्स आगामी 26 अप्रैल से रांची जिमखाना क्लब के ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। अन्य प्रायोजकों में हेल्थ पार्टनर समफोर्ड हॉस्पिटल, टी - शर्ट पार्टनर - फनस्पोर्ट्स , टॉस पार्टनर झ नवरत्न ज्वेलर्स एवं इनके साथ ओसम डेयरी रॉलिक आइस -क्रीम कस्सको स्टेशनर्स, माउंटेन ब्लू , हेल्थ फ्रिक्स एवं कफ्फैन्टेर्स है।

ये वर्ष पुरुष वर्ग का सातवां एवं महिला वर्ग का चौथा संस्करण है। पुरुष वर्ग में 8 एवं महिला वर्ग में 4 टीमें हिस्सा ले रहे है क26 एवं 27 को लीग मैच एवं 28 अप्रैल को सेमी फाइनल एवं फाइनल खेला जायेगा क पुरुष टीम में रांची चैलेंजर्स ,रांची वारियर्स ,राणीसती सुपरकिंग्स , रांची सुपर स्ट्राइकर्स , रांची वॉर हॉक्स , रांची टाइफूंस , रांची गरुडास एवं रांची फाइटर्स तथा महिला टीम में रांची वारियर्स,सुविधा सुपरनोवास, रांची फाइटर्स , स्काई वॉकर्स कि टीमें हिस्सा ले रही है ।

24 अप्रैल को प्रतियोगिता के सुभारम्भ एवं ट्रॉफी के अनावरण के लिए जिमखाना क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के संयोजक सीए कुणाल गिलानी ने प्रथम संस्करण से सातवें संस्करण तक के सफर में आये बदलाव , चुनौती एवं सी ए प्रतिभागियों में क्रिकेट के प्रति बढ़ते रूचि एवं उत्साह के बारे में बताया । कार्यक्रम के उपदेशक सी ए रणजीत गारोडिया ने बताया कि जितना उत्साह इस प्रतियोगिता में टीम के खिलाडी एवं टीम मालिक में होता है उतना ही उत्साह आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों में होता है कइसके लिए उन्होंने कार्य समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया कशुभारम्भ समारोह में सभी प्रायोजको के प्रतिनिधि उपस्थित थे क रांची से रीजनल कौंसिल मेंबर सी ए मनीषा बियानी जी ने खिलाडियों का उत्शाह बढ़ाया एवं खेल भावना के साथ खेलने एवं इस आयोजन का आनंदपूर्वक मनाने के लिए कहा क रांची शाखा कि अध्यक्षा सीए श्रद्धा बागला जी ने सभी खिलाडियों, आयोजकों एवं कार्य समिति के सदस्यों का उत्शाह वर्धन किया कधन्यवाद् ज्ञापन रांची शाखा के सचिव सीए हरेंद्र भारती जी ने दिया।

## राजधानी की तपती धरती के लिए वर्षा जल संचयन जरूरी

बिभा संवाददाता



**रांची** । राजधानी रांची की तपती एवं प्यासी धरती की प्यास बुझाने और भविष्य में भीषण जल संकट से बचने के लिए वर्षा जल संचयन और संरक्षण ( रेन वाटर हार्वेस्टिंग ) आवश्यक है। सतही जल उपलब्ध नहीं होने के कारण भूगर्भ जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह अलार्मी स्थिति है। इसको लेकर राज्य सरकार गभींर भी है। सरकार ने विशेष कर रांची नगर निगम को सभी आवश्यक उपाय कर जन जागरूकता अभियान चलाकर रेन वाटर हारवेस्टिंग कराने का निर्देश दिया है।

अभी जो रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हारवेस्टिंग आवश्यक हैं। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं । नियम के तहत रेन वाटर हारवेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772 आवास हैं। इसमें से 52668 आवासों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हारवेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे करा कर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिको को जुमार्ना स्वरूप डेढ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है।

रांची नगर निगम ने रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने , शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पंपलेट का वितरण कराने के साथ ही शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर घर जाकर रेन वाटर हारवेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पानी संकट से बचने के लिए स्वयं लोगों को आगे आना होगा नही ंतो रांची के लोगो को भी बंगलोर की तरह पानी के टैंकर पर निर्भर रहना होगा। बंगलोर में तो अब पानी का टैंकर भी दो दिन बात पहले से बुकिंग करने पर मिल रहा है।

रांची नगर निगम ने रेन वाटर हारवेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेसिंयो को काय आवंटित किया है। एक आवास में रेनवाटर हारवेस्टिंग पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आता है। रेन वाटर हारवेस्टिंग करा कर जीवन भर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंआ सूख रहा है। वृक्षा रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है। जिसका प्रतिफल यह है कि नदी , नहर, तालाब , आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे है।

## 28 को आर्किड की ओर से राष्ट्रीय सेमिनार, देशभर के प्रसिद्ध चिकित्सक रखेंगे विचार

बिभा संवाददाता



**रांची :** आर्किड मेडिकल सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। डॉ एस सी जैन (चेयरमैन, आर्किड मेडिकल सेंटर) डॉ पी के गुप्ता (उएड), डॉ सौरभ कुमार (ल्डऊ क्रिटिकल केयर.) एवं डॉ कर्नल अंजनी कुमार (मेडिकल सुप्रीटेंडेंट) ने इस कांफ्रेंस को सम्बोधित किया। इस प्रेस कांफ्रेंस के मुख्य उद्देश्य विगत कुछ दिनों में आर्किड अस्पताल के तरफ से होने वाले कई कार्यक्रमों के बारे जानकारी देनी थी। इस दौरान आर्किड अस्पताल के चेयरमैन डॉ एस सी जैन ने यह जानकारी साझा की, की क्रिटिकॉन 4.0 झारखण्ड के सबसे बड़े क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस के रूप में आर्किड मेडिकल सेंटर की ओर से विगत चार वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।

रांची के प्रसिद्ध हॉस्पिटल आर्किड मेडिकल सेंटर द्वारा 28 अप्रैल को राष्ट्रीय स्टार कांफ्रेंस क्रिटिकॉन 4.0 आयोजन होटल रेडिसन ब्लू में किया जा रहा है। क्रिटिकॉन एक प्रकाशस्तंभ के रूप में जाना जाता है जो क्रिटिकल केयर के पथ को रोशन करता है। इस वर्ष क्रिटिकॉन में विश्व प्रसिद्ध ठक्टलअठर - बेंगलुरु से डॉ डी इंदिरा देवी मुख्या वक्ता के रूप में उपलब्ध रहेगी इनके अलावा आरएन टैगोर अस्पताल कोलकाता के लिए डॉ कौशिक एस न्यूरोसाइंसेज के पर अपना वक्तव्य रखेंगे एवं मेदांता अस्पताल, लखनऊ के निर्देशक एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नकुल सिन्हा हृदय रोग के चिकित्सा पद्धति पर हो रहे विकास पर अनुभव साझा करेंगे हैं। इन वक्ताओं के अलावा झारखण्ड के अन्य प्रसिद्ध चिकित्सगण भी वक्ता के रूप में अपना अनुभव साझा करेंगे। इन वक्ताओं में डॉ मुनेश्वर कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ सौरभ कुमार (ल्डऊ क्रिटिकल केयर), डॉ निशीथ कुमार (श्वास रोग विशेषज्ञ, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ प्रियंका सिन्हा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ विक्रम सिंह (न्यूरोसर्जन, आर्किड मेडिकल सेंटर), कुमार सौरभ (न्यूरोलॉजिस्ट, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ गोविन्द माधव (न्यूरोलॉजिस्ट, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ नेहा शर्मा (किडनी रोग विशेषज्ञ, आर्किड मेडिकल सेंटर), डॉ जयंत कुमार घोष (लिवर रोग विशेषज्ञ, आर्किड मेडिकल सेंटर) उपस्थित रहेंगे। इस सम्मलेन में बिहार, झारखण्ड एवं ओडिशा के कई सुप्रशिद्ध चिकित्सक भाग लेंगे।

इसके उपरांत दिनांक 27 अप्रैल को नर्सिकॉन 0.1 मोराबादी स्थित आई.एम.ए भवन में आयोजन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य रांची के क्रिटिकल केयर नर्सिंग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति से अवगत करना तथा अन्य चिकित्सीय जानकारी साझा करना है। हम सभी जानते हैं कि किसी भी अस्पताल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, खासकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों की देखभाल में। इस नर्सिंग सम्मलेन में रांची के कई अस्पताल जैसे - मेदांता अस्पताल, पारस अस्पताल, मेडिका अस्पताल, राज अस्पताल, आदि अन्य कई अस्पताल के नर्सों हिस्सा लेंगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-24-25-02, दिनांक 24.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में मुरी टीएसएस - 2 अदद, बकासपुर टीएसएस - 01 अदद एवं टाटीसिलवे टीएसएस - 1 अदद में 132 केवी/25 केवी, 21.6 एमवीए सिंगल फेज ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर की पीरिओडिकल ओवरहालिंग (पीओएच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 44,73,536.70। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 89,500/-। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 17.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। (PR-77)

# एससी एसटी इम्पलाईज का निष्पक्ष चुनाव को लेकर विरोध प्रदर्शन : एमके अभिमन्यु

बिभा संवाददाता

**बोकारो** : सेल, एससी एसटी इम्पलाईज फेडरेशन केंद्रीय कमेटी नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम० के० अभिमन्यु ने कहा कि 23 अप्रैल 2024 को सेल कॉरपोरेट ऑफिस में प्रबंधन के द्वारा फेडरेशन के गठन के लिए कुछ लोगों को बुलाया गया था जो प्रबंधन के हां में -हां मिलते हैं प्रबंधन से सवाल करने के वजह प्रबंधन की जी हुजूरी करते हैं इस बैठक की जानकारी राष्ट्रीय (उपाध्यक्ष ) एम० के० अभिमन्यु को मिली उसके बाद सेल के अन्य यूनिट के केंद्रीय पदाधिकारी के साथ सेल कॉरपोरेट ऑफिस पहुंचकर प्रबंधन से मिलकर बैठक का कड़ा विरोध किया और कहा कि जब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता है तब तक किसी भी सूरत में बैठक नहीं होनी चाहिए सेल कॉरपोरेट ऑफिस में कार्यरत श्रीमती सुदेश कुमारी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) एवं सुश्री बबीता राष्ट्रीय उप महासचिव( दोनों )ने प्रयास किया पारदर्शिता के साथ संगठन के नए कमेटी का गठन हो लेकिन कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ और प्रबंधन के मिली भागत



के कारण फेडरेशन में पारदर्शिका नहीं हो इसके लिए रोड़ा बन रहे । जॉइंट जनरल सेक्रेटरी जयप्रकाश कुमार, आयोजन सचिव बाबारव मुन, कार्यकारी सदस्य जगदीश छुरा ने बैठक के बीच-बीच में दो-तीन बार निकलकर बहिष्कार की किये इसके पश्चात लोगों ने किशोर मकवाना, अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, अंतर सिंह आर्य (अध्यक्ष) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं श्री वड्डेपल्ली रामचंद्र (सदस्य) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से मिलकर लोगों ने अंग वस्त्र और बुके देकर बधाई दिया। साथहीं सेल कॉरपोरेट ऑफिस प्रबंधन के द्वारा फूट डालो राज करो नीति के तहत तोड़ने का निरंतर प्रयास चल रही है इसका विस्तार पूर्वक लोगों ने आयोग को अवगत कराया और लिखित शिकायत किया। सुनने और आवेदन पढ़ने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया की एससी एसटी के साथ भेदभाव कतई बर्दाश्त नहीं। मिलने वाले में मुख्य रूप से जयप्रकाश कुमार राष्ट्रीय जॉइंटजनरल सेक्रेटरी (रांची), बाबाराव मुन राष्ट्रीय आयोजन सचिव, जगदीश छुरा राष्ट्रीयकार्यकारी सदस्य (एस आर यू), आनंद रामटेक राष्ट्रीयजॉइंट जनरल सेक्रेटरी, (भिलाई) रंजीत कुमार प्रसाद अधिकारी सदस्य (दुगार्पुर) रविंद्र महली महासचिव (बोकारो) दिनेश रविदास उपाध्यक्ष (बोकारो) इंदल पासवान संयुक्त महासचिव (बोकारो) महेश पासवान संयुक्त महासचिव (बोकारो) नेत्रपाल प्रतिनिधि सदस्य (भिलाई) दीनानाथ प्रसाद कार्यकारीअध्यक्ष (भिलाई) रंजीत प्रसाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य (दुगार्पुर) राष्ट्रीय जॉइंट जनरल सेक्रेटरी जयप्रकाश कुमार ने कहा कि अभी तक अध्यक्ष और महासचिव का चुनाव नहीं हुआ है कुछ लोग गलत मैसेज देकर समाज को दिगभ्रमित कर रहे हैं

## संक्षिप्त खबरें

### आशा लकड़ा लोकसभा चुनाव के बाद करेंगी बोकारो स्टील प्लांट का दौराः शम्भु कुमार



**बोकारो** : सेल एससी - एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन, बोकारो यूनिट का प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रिय अनुसूचित जनजाति आयोग के झारखण्ड एवं उडीसा राज्य प्रभारी सदस्य आशा लाकड़ा से दिल्ली में बैठक किया। बोकारो यूनिट का प्रतिनिधित्व शम्भु कुमार अध्यक्ष और करतार सामंत महासचिव ने किया। बैठक सेल एससी - एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष गोरंगों मण्डल के नेतृत्व में किया गया। बैठक में सेल एससी - एसटी कर्मचारियों के मामलों पऱ विस्तार से चर्चा किया गया और उनकी समस्यों से अवगत कराया गया। शम्भु कुमार ने सर्वप्रथम उन्हे राष्ट्रिय अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य बनने पर बधाई दी तत्पश्चात उन्हे बोकारो स्टील प्लांट आने का अनुरोध किया। निमंत्रण स्वीकार करते हुए उन्होने कहा कि बोकारो उनके घर जैसा है पर अभी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार सहिता लगा हुआ है इसलिए वह चुनाव पश्चात बोकारो के दौरे पर अवश्य आएंगी। इस बैठक में केन्द्रीय कमिटी से महासचिव श्रीनिवास (भद्रावती), उपाध्यक्ष गौतम दास, काशीनाथ मराण्डी( बर्णपुर), कोमल प्रसाद और अनिल खेलवार (भिलाई), कोषाध्यक्ष सुंदर कृष्णन (सेलम) उपकोषाध्यक्ष नारायण मंडी (दुगार्पुर), उपसचिव भगबन शेट्टी (राऊरकेला), रंजय पासवान (चास नाला), सहित सेल के सभी 16 यूनिट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दो न्यायिक पदाधिकारी ने कार्य भार सौंपा

**बोकारोः** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती समीरा खान एवम सुश्री रश्मि चंदेल को इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के ओर से एसोसिएशन के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने गुलदस्ता देकर बिदाई दी। ज्ञात हो कि दोनों पदाधिकारियों का बोकारो से डाल्टनगंज तबादला हो गया है। आज दोनो न्यायिक पदाधिकारी अपना अपना पदभार सौप कर बोकारो से रवाना हो गई। अधिवक्तावों ने उनसे मिल कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना और बधाई। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, संजीत सिंह, दीपिका सिंह इत्यादि अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# राजधानी में बर्ड फ्लू के दस्तक के बाद, बोकारो पशुपालन विभाग अलर्ट

बिभा संवाददाता

**बोकारो** : झारखंड में एक बार फिर बर्ड फ्लू पैर पसारने लगा है राजधानी में बर्ड फ्लू का केस मिलने के बाद, बोकारो का जिला प्रसाशन भी अलर्ट हो गया है। पशुपालन विभाग ने गुरुवार को जिला और प्रखंड लेवल पर रैपिड रिस्पांस टीम तैयार कर ली है। चार से पांच सदस्यीय यह टीम अपने-अपने इलाको से सैंपल कलेक्ट कर जाँच के लिए भेजेगी।



फिलहाल बोकारो में डरने वाली कोई बात नहीं है।असिस्टेंट डायरेक्टर, पोलट्री डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि यहां बर्ड फ्लू का कोई भी केस अभी तक नहीं मिला है। एहतियात के तौर पर हमलोग सैंपलिंग कर रहे है। साथ ही सेक्टर 12 स्तिथ कुर्कुट केंद्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिड़काव भी किया गया है। पिछले साल इसी कुर्कुट केंद्र में बर्ड फ्लू से सैकड़ो मुर्गो की मौत हुई थी। इस बार यहां का प्रबंधन अलर्ट है। वर्तमान में इस केंद्र में 500 मुर्गे है। जिसमे 350 के करीब कड़कनाथ मुर्गे है। हर दिन 150 से 200 अंडो का उत्पादन हो रहा है। अभी तक सब सही है और हमलोग विशेष देखभाल कर रहे है।

जिला पशुपालन अधिकारी मनोज कुमार मनी ने बताया कि फिलहाल डरने जैसी कोई बात नहीं है। इस पर ध्यान रखा जा रहा है कि रांची के होटवार क्षेत्र से कोई मुर्गा सप्लाई ज़िले में न हो।

ज्ञात हो की रांची के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म होटवार में 1,745 मुर्गियों सहित करीब 2,196 पक्षियों को मार दिया गया। इनके 1697 अंडे भी नष्ट कर दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इनके सैंपल में एच 5एन1 की मौजूदगी पाई गई थी। यह एक प्रकार का एवियन इन्फ्लूएंजा ए वायरस है, जो पक्षियों में बीमारी का कारण बनता है।

## वाहनों को चिन्हित कर रूट चार्ट समर्पित करेः नोडल पदाधिकारी

बिभा संवाददाता

**बोकारो** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। ऐसे में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था की जानी है। इसी को सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह डीटीओ श्रीमती वंदना शेजवलकर*ने जिले के सभी बीडीओ,सीओ के साथ बैठक की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।



वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी ने प्रखंडवार मतदान भवनों,केंद्र के अनुरूप वाहनों की आवश्यकता,उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर ही छोटे वाहनों आटो ई रिक्शा आदि की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने सोमवार तक सभी वाहनों को टैग करते हुए रूट चार्ट कोषांग को समर्पित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपस्थित सभी बीडीओ,सीओ ने वाहनों का आंकलन करते हुए स्थानीय स्तर पर ही वाहन उपलब्ध होने की बात कहीं। मौके पर कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

## चिन्मया विद्यालय बोकारो का जे.ई.ई मैंस में शानदार परिणाम



### 108 छात्र एडवांस के लिए चयनित

बिभा संवाददाता

**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय के अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ बने विद्यालय टॉपर जब की आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे` उन्हें 2023 24 के जे.ई.ई मैंस में चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रदर्शन बेहतरीन रहा है` दूसरे सत्र में कई छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर हुआ है ` अभी तक प्राप्त समाचार के अनुसार 108 से अधिक छात्र-छात्राएं जी एडवांस्ड के लिए उत्तीर्ण हुए है` यह संख्या और भी आगे जा सकती है क्योंकि छात्र-छात्राएं शहर से बाहर है और उनसे संपर्क स्थापित किया जा रहा है` इस बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री सूरज शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रदर्शन जे.ई ई मैंस के साथ अन्य सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में साल दर साल विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर होते जा रहा है। और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या अपने उच्चतम प्रतिशत तक पहुचेगी। मैं सभी सफल छात्र-छात्रों एवं उनके अभिभावकों एवम विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई देता हुॅ। जिनके परिश्रम एवम कुशल मार्गदर्शन के कारण बड़ी संख्या में छात्रों ने ऊंचे प्रतिशत के साथ सफलता प्राप्त की। और ये लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित होने का अवसर दे रहे हैं।

#### 99 परसेंटाइल से अधिक-

विद्यालय के कई होनहार छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अनिमेष रॉय 99.802, आयुष कुमार 99.735, ऋषव कुमार(99.721) शुभम आनंद(99.6809), प्रियांशु पीयूष (99.314), देव संगम(99.041) परसेंटाइल प्राप्त हुआ।

#### 45 छात्रों को मिला 95 परसेंटाइल से अधिक अंक-

इस वर्ष 45 से अधिक छात्रों को 95 से अधिक परसेंटाइल मिला है। कृष कुमार, आर्यन कुमार, निलेश कुमार , सचिन राय, प्रियांशु रंजन , रूशिल सिंहा, सयन मुखर्जी, उत्कर्ष कुमार, आर्कष कुमार, प्रिंस राज , शोमया ज्योति सेन, राजा कुमार, सिंह , शुभ बनर्जी, मयुरेश भारती , प्रियांशु राज , शोर्या कुमार , वंशिका वानया, विशाल कुमार महथा, विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जि , श्रेर्या स्नेहा, विवेक कुमार मोर्या , शास्वत कुमार झा, अनिश रंजंन , कुमार किसलय तेजस्वी , सुरज कुमार प्राकृत प्रशुण , निखिल कुमार, सोरव कुमार वर्मा , भावभुती देव , सत्यम कुमार सिंह , अंकित कुमार , विभुति देव , निलेश कुमार, अनिव प्रकाश , सहित 45 बच्चै ने 95 परसेंटाइल अंक के साथ सफलता प्राप्त किया।

सभी सफल छात्र-छात्राओं को परम् पूज्य स्वामिनी, संयुक्तानंदा सरस्वती, (आचार्या चिन्मय मिशन केंद्र बोकारो), बिश्वरूप मुखोपाध्याय ( अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति), आर.एन.मल्लिक ( कोषाध्यक्ष) , एवं उपप्राचार्य ( नरमेंद्र कुमार ) ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभु नाथ झा, चंदन कुमार सिंह,पी के सिंह,अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चैबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह , आर एल महतो, उत्पल मित्रा एवम सुब्रतो गुप्ता ने उपस्थित होकर शुभकामना दी।

#### विलक्षण प्रतिभा के धनी है शुभम आनंद-

चिन्मय विद्यालय बोमरो के छात्र शुभम आनंद विलक्षण प्रतिभा के धनी है। जो जीव विज्ञान के छात्र होते हुए भी जे ई ई मेंस के दोनों फेज में भाग लिया और क्रमशः फेज 1 और फेज 2 में 99.223 परसेंटाइल और 99. 6809 परसेंटाइल प्राप्त किया। शुभम आनंद के इस अदभुत सफलता पर प्राचार्य सूरज शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हार्दिक बधाई दिया और कहा कि निश्चय ही शुभम आनंद सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणा श्रोत है। शुभम अपना कैरियर चिकित्सा की क्षेत्र में चिकित्सक के रूप में शुरू करना चाहते है। सभी को उनसे उम्मीद है कि वे नीट 2024 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करेंगे।

## बोकारो प्राइवेट आईटीआई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -का आयोजन



बिभा संवाददाता

**बोकारो** : स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से बी एस एल के निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) के तत्वाधान में बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा चलाये जा रहे बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 के अंतर्गत दिनांक 20 और 24 अप्रैल को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया , जिसमें लार्सन एंड टुब्रो , कांचीपुरम , तमिलनाडु में 30 प्रशिक्षु एवं सुजुकी मोटर भरुच , गुजरात में 18 प्रशिक्षु चयनित हुए. उपरोक्त मौके पर समस्त कर्मियों के साथ बोकारो स्टील प्लांट के सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक सह -संसथान के सचिव श्री सी आर के सुधांशु तथा वित्त एवं लेखा विभाग के उप महा प्रबंधक -सह - ट्रेजरर श्री रमेश चंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया. विदित हो कि कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 हेतु आगे भी हौंडा, स्पार्क मिण्डा , एक्साइड , टी वी एस जैसी कई बड़ी कॉपोरेट कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आने वाली है।

ज्ञातव्य हो कि बोकारो प्राइवेट आई टी आई में सत्र अगस्त 2024 - 25 तथा 25 -26 में ट्रेड इलेक्ट्रीशियन के लिए 80, फिटर के लिए 80 तथा वेल्डर के लिए 60 सीट को मिलाकर कुल 220 सीटों के लिए नामांकन मई' 2024 से आरम्भ हो रहा है. प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक कौशल विकास हेतु सभी प्रशिक्षुओं को बोकारो इस्पात संयंत्र में ऑन द जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है.

## जेईई मेन- 2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार

**99.92 परसेंटाइल के साथ रक्षित बना टॉपर, रयान दूसरे व अवंतिका तीसरे स्थान पर**

**जेईई मेन - 2 में सफल रहे डीपीएस बोकारो के टॉप 15**

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पर्सेंटाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से



अधिक अंक मिले।

समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - 99.92, रेयान सिंह - 99.91, अवंतिका गुप्ता - 99.84, विशाल मेहता - 99.82, मो. अम्मार - 99.80, दिव्यांशु जायसवाल - 99.64, स्पर्श कुमार - 99.64, स्पर्श राज - 99.56, उत्कर्ष कुमार - 99.52, नमन जैन - 99.45, तरुण गुप्ता - 99.45, ऋषव कुमार - 99.4, मोहित कुमार - 99.20, आकाश महता - 99.06, सौम्यदीप मंडल - 99.00, आशुतोष सिंह - 98.94, मानव राज - 98.92, बख्तावर जावेद - 98.82, पुष्पित किसलय - 98.6, आर्यन रंजन सिंह - 98.5, जानवी कुमारी - 98.48, साक्षी प्रिया - 98.47, अंशु राज - 97.90, सैयद अशदुल्लाह - 97.56, विचांशु राज - 97.43, विक्रांत कुमार - 97.38, श्रेयांशु घोष - 96.65, आयुष्मान दत्ता - 96.64, ऋषव कुमार - 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह - 96.49, पौलम कुंडू - 96.42, कमरीन फातिमा - 96.39, कृष शांडिल्य - 96.34, अजितेश आनंद - 96.32, सिद्धांत वैभव - 96.32, आर्यन राज - 95.73, विवेक आनंद - 95.73, आर्यन कुमार - 95.52, हर्षवर्धन - 95.41, रितिका साहा - 95.36, अंशल कुमार - 95.12, अधृत सिंह - 94.24, श्रेया सुमन - 94.09, कार्तिक राज - 94.04, सिल्वी सृष्टि - 93.91, तेजस अग्रवाल - 93.83, आयुष राज - 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा - 93.50, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है।

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

# वेदांता ईएसएल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगितामें सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता

बिभा संवाददाता

**बोकारोः** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ई एस एल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं।

यह वार्षिक प्रतियोगिता ₹सी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता₹ भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। जिस प्रोजेक्ट के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह था ₹अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन₹ के तहत ₹ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार₹। इस परियोजना के अलावा ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में ₹डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग₹ के लिए भी खुद को नामांकित किया।



ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ठ विजय है जो ई एस एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है।

ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता।

इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, श्री रवीश शर्मा ने कहा ‖इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। यह एक राष्ट्रीय मंच पर हमारी अनुकरणीय सुरक्षा और पर्यावरण प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, हमारे संगठन के भीतर सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है और नवाचार, सहयोग और समर्पण द्वारा चिह्नित है ‖

**वेदांता ई एस एल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता।**

**ई एस एल स्टील लिमिटेड ने कुल 59 प्रविष्टियों में 2 नामांकन डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग और अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाला सर्वश्रेष्ठ संगठन दर्ज किया ।**

**ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार परियोजना में गोल्ड अवार्ड जीता।**

**इस टीम में समीर दास, अभिषेक पॉल, के संदीप और जवेरिया मजहर सहित डिजिटल और सुरक्षा विभाग के कर्मी शामिल थे**

### बिजनेस एक्सीलेंस टीम के बारे में:

सुश्री मीनाक्षी सभरवाल के नेतृत्व में ई एस एल स्टील लिमिटेड की बिजनेस उत्कृष्टता टीम और विनय भूषण कुमार और शालू प्रिया की सहायता से ईएसएल स्टील में अपनाई गई प्रगति, नवाचार और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य है।

### वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के बारे में

झारखंड के बोकारो जिले के सिवलजोरी गांव में स्थित, ईएसएल स्टील उत्पादों का एक अग्रणी निमार्ता है। इसमें 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र है जो पिग आयरन, बिलेट्स, टीएमटी बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप का उत्पादन करता है। संयंत्र निर्धारित पर्यावरण मानकों के साथ तालमेल बिठाकर काम करता है, विश्व स्तरीय सेवाओं और उत्पादों की पेशकश करने के लिए प्रतिष्ठित निमार्ताओं से अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधान लाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मलेरिया दिवस पर दी गयी मलेरिया उन्मूलन की जानकारी



**खूँटी** । मुख्य असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित सभागार में वृहस्पतिवार को मलेरिया दिवस पर बैठक किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी की अगुवाई में मलेरिया उन्मूलन पर विशेष जानकारी दी गयी। जिसमें मलेरिया से सुरक्षा, उपचार व बचाव के तरीकों को साझा किया गया। इस दौरान मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया के दवा रखवाने के लिए कहा गया। ताकि मलेरिया ना हो सके। इस दौरान इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रजनी नीलम टोप्पो, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० नमीता टोप्पो, डॉ. आलोक, डॉ० अरुण, स्वेता सिंह, अंतरा झा, अरुण कुमार, आरिफ अख्तर एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

### मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी



**खूँटी** । मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों एवं बैंकों में मतदाता जागरूकता समिति का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### छूटे हुए मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन



**खूँटी** । लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज परिसर में वृहस्पतिवार को प्रशिक्षण में छूटे गये मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक,आईटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा अलग-अलग महिला मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध से अवगत कराया गया। साथ ही सभी मतदानकर्मियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछकर कहा गया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सभी आयामों की जानकारी से अपने आप में संतुष्ट हो जाने तक प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए ईवीएम, वीवीपैट का हैंडस ऑन कराया गया।

### दो विभिन्न स्थानों में सड़क दुघर्टना से दो घायल



**खूँटी** । मुरहू थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना से एक व्यक्ति घायल हो गया। जो पचास वर्षीय बंदगाँव निवासी गल्लू डहंगा ऑटो में सवार था ऑटो अचानक पलट जाने से दो लोग घायल हो गए। जिसमें गल्लू डहंगा के सिर पर गम्भीर चोट लगी है। जिसे सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। दूसरी घटना कोलोमदा के पास घटी। कोलोमदा के पास पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने नवीन सिंह नाम के युवक को ठोकर मारी दी। नवीन सिंह मुरहू में नल जल योजना के ठीकेदार के नीचे कार्य करते हैं। जिसके पैर टूट गया।

### खूँटी के आरक्षी का निधन, पुलिस लाईन में दी गयी सलामी



**खूँटी** । रनिया थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ 94 कैम्प में सेवारत खूँटी आरक्षी ग्लेशियन तोपनो (40) की मौत हो गयी। ग्लेशियन तोपनो तोरपा थाना क्षेत्र के अम्मा पकना निवासी थे। जो विगत दो माह से बीमार थे। जिनके एक बेटा और दो बेटी है। सभी छोटे बाल बच्चे माँ के जिम्मे रह गये। वहीं इनके देहांत के बाद पुलिस लाईन में पार्थिव शरीर को सलामी देकर विदाई दी गयी। मौके पर, केंद्रीय सदस्य लखिन्द्र बारला, संयुक्त सचिव सकलदीप महतो, जिला अध्यक्ष समीर मड़की , उपाध्यक्ष सुंदरजीत उराँव सचिव बिशेश्वर उराँव , कोषाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, अमरेश कुमार यादव सहित पूरा पुलिस मेंस एसोसिएशन व पुलिस परिवार ने शोक व्यक्त किया।

# जेई मेंस परीक्षा में खूँटी जिले के 22 विद्यार्थी उत्तीर्ण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जेई मेंस की प्रतियोगिता परीक्षा में खूँटी जिले के 22 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। जिसमें चार अभ्यर्थी जेई मेंस एडवांस पर सफलता हासिल करने में सफल रही। जिन्हें देश के अच्छे इंजिनियरिंग कॉलेज में दाखिला हो जाएगा। ये सभी विद्यार्थी खूँटी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययन करनेवाली छात्राएँ हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि खूँटी जनजातीय बाहुल्य और शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़ा जिला है। वहीं नक्सल प्रभावित जिला व अफीम खेती पर प्रचलित जिले में जेई परीक्षा उत्तीर्ण करने में सभी गरीब घरानों और समस्या से ग्रसित घरानों की लड़कियाँ है। जिनके अभिभावक कभी नहीं सोंचे थे कि उनकी बेटियों का कदम इतना सराहनीय रहेगा? जिन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के विशेष कक्षा सपनों की उड़ान योजना के तहत पढ़ाई करके अपनी लगन और मेहनत से उत्तीर्ण हुई। अब आगे इंजिनियरिंग की पढ़ाई के लिए नामांकन कराएगी। वहीं कस्तूरबा विद्यालय में पढ़नेवाली वैसी बच्चियाँ जिनके माँ या पिताजी नहीं हैं या फिर काफी गरीब बच्चियाँ हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बतायी कि जिले से 22 बच्चियों का जेई मेंस के लिए कॉम्पीटिशन में उत्तीर्ण हुई हैं। जिसमें 04 अभ्यर्थी जेई मेंस एडवांस परीक्षा पास की है। यह एक अच्छा उपलब्धि जिले की बच्चियों का है। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन पूजा कुमारी बताई कि 23 विद्यार्थी जेई परीक्षा में बैठी थी। जिसमें चार अभ्यर्थी मेंस एडवांस में उत्तीर्ण हुई। विद्यार्थियों में लग्न और मेहनत रही कि वे लोग परीक्षा पास कर पायी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में तीन वर्ष से बच्चियाँ परीक्षा लिख रही है। जिसमें बच्चियाँ अच्छा कर रही हैं। मौके पर, क्वालिफाई करने वाली सपना कुमारी ने बताया कि वो जेई मेंस परीक्षा के बारे पता नहीं था । साइंस पढ़ने के लिए यहां आयी थी लेकिन जब यहां आयी तो पता चला कि इंजिनियरिंग की पढ़ाई के लिए तैयारी कर सकती है तो तैयारी शुरू की। विशेष क्लास के द्वारा तैयारी करने लगी और फिर आज जे ई मेंस एडवांस में उत्तीर्ण हो गई। अब इंजिनियरिंग की पढ़ाई किसी अच्छे कॉलेज में कर सकती है। विद्यार्थी रिया कुमारी बतायी कि माँ पिताजी गरीब हैं जो पढ़ाई नहीं करा पाते। लेकिन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आने से पढ़ाई कर पायी हूँ। इससे अब आगे बढ़ने का रास्ता खुल गया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, अतिरिक्त कार्यक्रम पदा. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कालामाटी की वार्डन पूजा कुमारी आदि ने छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएँ दी।

#### उपायुक्त शशि रंजन का पहला लाने लगा रंग

खूँटी जिले में आकांक्षी जिला होने के कारण तात्कालीन उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर उड़ान कार्यक्रम तीन वर्ष पहले की शुरूआत उपलब्धि का रंग लाने लगा है। वहीं प्रतिवर्ष खूँटी की छात्राओं के शिक्षा जगत में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। और जेई तथा एनआईआईटी की परीक्षा में सफलता हासिल करने लगी है।

### जल जंगल जमीन बनता है चुनावी मुद्दा, पर नहीं हो रहा रक्षा

**खूँटी** । निर्वाचन का मौसम आते ही क्षेत्र में उम्मीदवारों का घोषणा शुरू हो गया है। वहीं उम्मीदवार क्षेत्र में जनता की भावना को जीतने के लिए घोषणाओं का जाल बिछाना शुरू कर दिया है। इनमें से ज्यादातर उम्मीदवारों ने जल जंगल जमीन का मुद्दा को उठाते नजर आते हैं । इस तरह जल जंगल जमीन का मुद्दा और भाषणबाजी इस बार के समय का नहीं है। हमेशा यही बात जनता के सामने परोसा जाता है। लेकिन क्या इन तीनों की रक्षा हो सकी ? जंगल कटते जा रहे हैं भले कुछ गाड़ियाँ भले पकड़ ली जा रही हो, नदी से बालू समाप्त होने के कगार पर है। जमीन के दस्तावेज कार्यालयों में धूल फांक रहे हैं मोटेशन नहीं हो पा रहा है। नल जल योजना और ग्रामीण इलाके में निर्माण किया जा रहा तालाब गुणवत्ता पूर्ण से बहुत परे है। लेकिन आज भी लोग आवाज लगाकर जल जंगल जमीन की रक्षा होनी चाहिए यह भाषण का अंग रहता है।


## सरहूल पर्व है प्रकृति प्रेम का प्रतीक : कालीचरण



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । प्रखंड क्षेत्र सिरूम गांव में वृहस्पतिवार को आयोजित सरहूल मिलन समारोह में कालीचरण मुण्डा शामिल हुये। इस सरहूल मिलन समारोह में कालीचरण मुण्डा ने ढोल बजाकर ग्रामीणों के संग नाचा। मौके पर उन्होंने कहा कि सरहूल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है एवं मानव जीवन दर्शन के मौलिकता को दशार्ता है। सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। यह पर्व आदिवासी समाज द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी। मौके पर चंद्र प्रभात मुंडा, विनसाय मुंडा, पण्डेया मुंडा, गुलशन सिंह मुंडा, रोबा गुड़िया, फूलचंद टूटी, सुशील सांगा आदि सैकड़ों लोग शामिल हुये।

### चौदह वर्षीय बच्ची का कुआँ में डूबने से मौत



**खूँटी** । जरिया गढ़ थाना क्षेत्र के छोटका रेगरे में बुधवार को संजय गोप की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी दीपिका कुमारी एक कुएँ में डूब जाने से मौत होने की बात सामने आया है। वहीं पुलिस घटना स्थल पर जाकर शव को अपने अधीन लिया। साथ ही, पंचनामा लिखकर यूडी केस दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं घटना कैसै घटी इस विषय में पुलिस पता लगाने में लगी हुई है।

## छह उम्मीदवारों ने किया पर्चा दाखिल



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । समाहरणालय में वृहस्पतिवार को भी एक उम्मीदवार ने निर्देशन प्रपत्र की खरीदी। वहीं वृहस्पतिवार को कुल छह लोगों ने पर्चा भरा। जिसमें भागीदारी पार्टी(पी) के उम्मीदवार जयपाल मुंडा, स्वतंत्रत अभ्यर्थी सुबोध पुर्ती, आम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार सामुएल पुर्ती, झारखंड पार्टी (गुट) प्यारा मुंडु, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के उम्मीदवार थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार सावित्री देवी, आम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार समडोम गुड़िया ने पर्चा दाखिल किया है।
इसके अलावे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा स्वतंत्र अभ्यर्थी पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा और झारखंड पार्टी की उम्मीदवार अर्पणा हंस ने दूसरा अन्य सेट अतिरिक्त प्रपत्र भी जमा किया है। वहीं, जो उम्मीदवार नाम वापस लेना चाहते हैं वो 29.04.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। और जो चुनावी मैदान में उतरेंगे उन्हें 29 अप्रैल को प्रतीक चिन्ह मिल जाएगा।

### झामुमो ने उपायुक्त को लिखा पत्र, चुनाव सामग्री संबंधित टेंडर रद्द करने की मांग की

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर टेन्ट, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है। झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने गुरुवार को पत्र में लिखा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के जरिये प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चुनाव संबंधी कार्य से तत्काल प्रभाव से दूर रखा जाये एवं उनको निर्गत टेन्ट, वीडियोग्राफी का मिला टेंडर निरस्त किया जाये।

## दो टेम्पो आपस में टकराए, एक महिला की मौत, 9 घायल

बिभा संवाददाता



**पलामू।** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन से आगे हनुमान मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर दो टेम्पो आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है।
एमआरएमसीएच में भर्ती एक घायल ने बताया कि सारे लोग 23 अप्रैल को शादी समारोह में लठैया के लरमी में बहनोई सत्येन्द्र सिंह के घर गए थे। भांजे की शादी थी। वहां से आज सुबह लौट रहे थे। रास्ते में यह दुर्घटना हो गई।
मृत महिला की पहचान राजधानी देवी (32) पति अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। घायलों में सविता देवी (30) पति उमेश सिंह, कविता देवी (40) पति अनिल सिंह, अर्जुन सिंह (35) पिता सुरेश सिंह, ममता कुमारी (15) पिता मनोज सिंह, कमल देवी (40) पति मनोज सिंह, शकुंती देवी (25) पति अनिल सिंह, सुजीत कुमार (12) पिता अर्जुन सिंह, मनीषा कुमार (5) पिता संतोष सिंह, लक्ष्मी कुमारी (5) पिता मनोज शामिल हैं। सभी घायल पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के छापर गांव निवासी बताए गए हैं। घटना के बाद से दोनों टेम्पो के चालक फरार हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मुसलमान को अपना गुलाम ना समझें कॉग्रेस : मुस्तफा अंसारी

बिभा संवाददाता



रांची : राँची लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम समुदाय के लोगो का एक आवश्यक बैठक कांके के नेवरी गाँव में हुई इस बैठक मुस्लिम लोगों मे कोई एक भी उम्मीदवार कॉग्रेस पार्टी से नहीं बनाए जाने को लेकर मुस्लिम में काफी रोष दिखाई पड़ा और कॉग्रेस पार्टी के प्रति काफी आक्रोश जाहिर किया साथ ही कहा कि कॉग्रेस हम मुसलमानों को भाजपा के जीत डर दिखाकर अपना गुलाम ना समझें,
कॉग्रेस हमेशा मुसलमानों का सिर्फ अपना वोट लेकर मुसलमानों ठग कर हिस्सेदारी से हमेशा दरकिनार करती है और जब जब हिस्सेदारी की मांग मुसलमान करते हैं तब तब उन्हें अलग थलग कर नहीं जीतेगा उम्मीदवार कह के ना उम्मीदवार बनाया जाता है और ना ही मुसलमानों के मुद्दे पर कोई भी मुखर होकर अपनी बात को रखते हैं इस बैठक मे राँची,खिजरी,कांके,हटिया के विभिन्न क्षेत्रों से लोग आए थे और एक सुर मे सभी लोगों ने परिणाम जो कुछ भी रांची लोकसभा क्षेत्र से मुस्लिम समुदाय अपना उम्मीदवार मैदान मे उतारने की बात कहीं,
बैठक में शामिल लोगों ने निर्णय लेकर 21 सदस्यीय टीम का गठन किया जिसमें जो पूरे लोकसभा क्षेत्र मे घूमेगे और क्षेत्र के लोगों से संपर्क करेंगे और कॉग्रेस पार्टी के दोहरी नीति आम आवाम तक पहुंचाएंगे, इस मौके पर झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी आजम अहमद रांची अंजूमन कमेटी के सदर मो० मोकतार अहमद, मुंतज़िर अहमद रजा,जाकिर अंसारी सदर ,कमरुल हक,जावेद अख्तर,अत्ताउल्लाह खान खालीक खान मोहम्मद असलम,शमीम अली,सलीम अंसारी, शमीम बडिहार, जाकिर अंसारी, अतहर इमाम, अनवारूल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

# नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, रतलाम एवं साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

बिभा संवाददाता



**हाजीपुरः** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 11.15 बजे पटना पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे ।
2. गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 28.04.2024 को पटना से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे ।
3. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
4. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
5. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
6. गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशलः गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को भागलपुर से 15.45 बजे खुलकर 21.40 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 23.00 बजे रतलाम पहुंचेगी ।
7. गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशलः गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 14.00 बजे खुलकर डीडीयू-प्रयागराज- कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 16.00 बजे रतलाम पहुंचेगी ।
8. गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशलः गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को पटना से 11.30 बजे खुलकर डीडीयू-वाराणसी- लखनऊ-कानपुर-आगरा-जयपुर के रास्ते 28.04.2024 को 19.40 बजे साबरमती पहुंचेगी ।
9. गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को एलटीटी, मुंबई से 10.30 बजे खुलकर 27.04.2024 को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी ।
10. गाड़ी संख्या 01012 दानापुर-एलटीटी स्पेशलः गाड़ी संख्या 01012 दानापुर-एलटीटी स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 21.45 बजे खुलकर 29.04.2024 को 04.50 बजे एलटीटी, मुंबई पहुंचेगी ।
11. गाड़ी संख्या 01013 पुणे-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01013 पुणे-दानापुर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को पुणे से 19.55 बजे खुलकर 29.04.2024 को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी ।
12. गाड़ी संख्या 01014 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01014 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 29.04.2024 को दानापुर से 06.30 बजे खुलकर 30.04.2024 को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी ।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे





ललित गर्ग

**यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए।**

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडर्टी बमह्न का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

# विज्ञापन का विज्ञापन

भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंतजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगाई। अपनी दवाओं के लिए भ्रामक दावों को लेकर अदालत की अवमानना करने पर सुनवाई चल रही है। अदालत ने आदेश जारी किया कि वह बड़े साइज में माफीनामे का विज्ञापन जारी करें। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि माफीनामा 67 अखबारों में दिया गया है। इस पर अदालत ने जानना चाहा कि क्या यह पिछले विज्ञापनों के आकार का था। रोहतगी के इस पर केवल दस लाख रुपये खर्च करने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, यह भी कहा कि हमें पंतजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर एक हजार करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने की मांग की गई है जिस पर अदालत ने प्रॉक्सी याचिका होने का संदेह व्यक्त किया। केंद्र को इस पर जागना चाहिए कहते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को भी लताड़ लगाई। पंतजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। यह सुनवाई इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर जारी है। पंतजलि योगपीठ को भी अब सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा, जुमार्ना और ब्याज के रूप में उसे साढ़े चार करोड़ रुपये भी अदा करने हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार रामदेव की नेटवर्थ चौदह सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की है। पंतजलि का कुल रेवन्यू तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। निःसंदेह उन्होंने आयुर्वेद और योग को पुनः प्रचारित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके अलावा, योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति आमजन में ललक पैदा करने में भी उन्होंने महती भूमिका निभाई है। मगर इसके लिए भ्रम फैलाने या भ्रामक विज्ञापनों के जरिए जनता को बरगलाने की उन्हें छूट तो नहीं ही मिल सकती। मंत्रालय को भी इसके लिए दोषी माना जाना जरूरी है। बात यहां अकेले पंतजलि की नहीं है, बल्कि कोई भी कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए यदि इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करती है तो उस पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, भविष्य में भी इस तरह की हरकत करने पर भारी जुमार्ना जड़ा जाना चाहिए। मरीजों और उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जिस तरह की लापरवाही अपने यहां जारी है, उसे रोकने के कड़े कदम तत्काल उठाए जाने बेहद जरूरी हैं।





## चिंतन-मनन

# भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी ?से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?



ओमप्रकाश मेहता



विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर 'अंग्रेज राज' को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि 'अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें' और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

भारत की इस अहम् समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्रज्भक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्रज्भक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है?

....पर अभी भी वक्त है, हमें अपनी नीजि चिंताओं के साथ राष्ट्र की चिंता के साथ भी जुड़ना पड़ेगा और आज की राजनीति देश को किस दिशा में ले जा रही है, इस पर गंभीर देशहित में आत्मचिंतन करना पड़ेगा, वर्ना फिर हमें भी वही घीसी-पीटी कहावत 'अब पछतावत होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत', बार-बार दोहराना पड़ेगा, इसलिए चुनावी लोकतंत्र की इस अहम् बेला में मेरा अनुरोध है कि पूरा देश इन संकेतों को गंभीरता से लेकर आत्मचिंतन कर देशहित में कुछ संकल्प लें।

# दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्या:' का निहितार्थ



आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो (।2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुनः चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें।

एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें।

किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे।

जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168।96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है।

भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है।उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं। दुबई, इंडोनेशिया, और अफ्रीकी देशों की हाल की बेमौसमी बाढ़ें, यूरोप और अमेरिकी देशों के बेमौसमी बर्फीले तूफान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हैं। गरीब देशों और कृषि प्रधान देशों पर इसका सबसे ज्यादा हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। गरीब देशों में भी सबसे गरीब लोग ही ज्यादा प्रभावित हों रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन सामाजिक न्याय के लिए भी वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन कर खड़ा है, जिससे निपटने में देर आत्मघाती ही सिद्ध होगी।

**- कुल भूषण उपमन्यु**



# मैं मुंबई छोड़ने ही वाली थी, जब मीठा खट्टा प्यार हमारा का ऑफर आया

एक्ट्रेस आर्ची सचदेवा टीवी शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सांची का किरदार निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि यह किरदार निभाना उनकी किस्मत में था। एक्ट्रेस मुंबई छोड़ने वाली थी, जब उन्हें सांची का रोल ऑफर हुआ। आर्ची ने बताया मैं मीठा खट्टा प्यार हमारा का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हूं। जब मैं जनवरी में मुंबई पहुंची, तो मैंने सांची के किरदार के लिए नहीं, बल्कि किसी दूसरे रोल के लिए ऑडिशन दिया। कई ऑडिशन के बावजूद, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं और मैंने मुंबई छोड़ने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने आगे कहा, किस्मत मेरे साथ थी, और मुझे सांची के रोल के लिए चुना गया था, और शायद यह किरदार निभाना मेरी किस्मत में था। सांची मॉडर्न और स्मार्ट लड़की है, वह वही हासिल करना चाहती है जिस पर उसने अपना दिल और नजरें जमा रखी हैं। मीठा खट्टा प्यार हमारा में प्रेरणा सिंह और अविनाश मिश्रा भी हैं।

# द लीजेंड ऑफ हनुमान में रावण की आवाज बने शरद केलकर

हनुमान जयंती के अवसर पर द लीजेंड ऑफ हनुमान के निर्माताओं ने इसके चौथे सीजन की घोषणा की। शो में रावण की आवाज देने वाले अभिनेता शरद केलकर ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए बेहद निजी रही है। शरद ने कहा, द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीजन में राक्षस रावण को आवाज देना मेरे लिए बेहद अलग जर्नी रही है। यह शो पौराणिक कथाओं पर आधारित है और इसके माध्यम से मैंने खुद कई स्तर की कहानियों की खोज की है, जिसने मुझे और अधिक जानने के लिए प्रेरित किया है। एक्टर ने आगे कहा, मेरा मानना है कि हमारे दर्शकों को भी वैसा ही महसूस हुआ जैसा उन्होंने हमें लगातार समर्थन दिखाया है। मैं डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीजन के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने का इंतजार नहीं कर सकता। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक और सीईओ और नए सीज़न के निर्माता और कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा, भगवान हनुमान की वीरता दुनिया के लिए बहुत मायने रखती है, और लाखों लोगों द्वारा पसंद की जाने वाली इस कालजयी किंवदंती के चित्रण में उस ताकत को साझा करना हमारा व्यक्तिगत मिशन रहा है।





# करीना कपूर ने दिया बड़ा हिंट, सिंघम अगेन में होगा बहुत कुछ खास

रोहित शेट्टी की आगामी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा जोरों पर है। इस मूवी में अजय देवगन, करीना कपूर, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ सहित कई बेहतरीन कलाकारों की टोली है। वहीं, अब बॉलीवुड की बेबो यानी करीना ने आगामी फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में कुछ दिलचस्प संकेत दिए हैं। अभिनेत्री के बयान ने फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। सिंघम 2 के लगभग 10 साल बाद करीना कपूर फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन के साथ मुख्य महिला के रूप में लौटने वाली हैं। एक बातचीत के दौरान, उन्होंने सिंघम फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में अपने किरदार और अन्य बॉलीवुड कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव के बारे में कुछ विवरण दिए। जब करीना से अन्य ए-लिस्टर्स के साथ स्क्रीन साझा करने में उनकी भागीदारी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, मुझे यकीन है कि यह फिल्म के आश्चर्य का हिस्सा है जिसे आप लोगों के लिए देखना दिलचस्प होगा, और मुझे लगता है कि हम सभी को एक फ्रेम में एक साथ लाने के लिए रोहित शेट्टी से बेहतर कोई नहीं है। यह निश्चित रूप से होने वाला है। फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए करीना ने इस बात पर जोर दिया, फिल्म में इमोशन, एक्शन है और उसके ऊपर, मेरी एक प्यारी भूमिका है जो फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भले ही आप एवेंजर्स जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्मों को देखें, वहां हमेशा एक भावनात्मक संबंध होता है। सिंघम अगेन में वह भावना है जो मेरे किरदार से आती है। इसलिए, क्रू करने के बाद और विशेष रूप से दर्शकों के लिए, मुझे इस फिल्म में देखना एक अभिनेता के रूप में 360 डिग्री का बदलाव होगा।

# किराए के कपड़े पहनते हैं बॉलीवुड सेलेब्स

अक्सर लोगों के मन में ये सवाल आता है कि बॉलीवुड में ज्यादातर लोग इतने मंहगे और स्टाइलिश कपड़े कैसे पहनते हैं। ऐसा बहुत ही रेयर होता है, जब वो अपने कपड़े रिपीट करते हों। ऐसे में आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड की पोल खोल दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि ट्रेंड के साथ बने रहने के लिए बॉलीवुड सेलेब्स कपड़े खरीदते नहीं हैं, बल्कि रेंट पर लेते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि उन्हें दिलजीत दोसांझ का ड्रेसिंग स्टाइल बहुत पसंद है। बॉलीवुड सेलेब्स के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा- पूरा बॉलीवुड रेंट पर है। आपको क्या लगता है, हम इतने कपड़े खरीदते हैं? हम स्टाइलिश हायर करते हैं, वो कपड़े मंगवाते हैं, और फिर वापस कर देते हैं। हम इतने सारे कपड़े कहां से लेंगे।





# चमकीला के बाद अच्छे प्रोजेक्ट के इंतजार में हैं परिणीति

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित ये फिल्म अमर सिंह चमकीला और उनकी पत्नी अमरजोत कौर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में परिणीति ने अमरजोत का किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हाल ही में फ्लॉप फिल्मों की वजह से कम काम मिलने को लेकर खुलकर बात की है। उन्हें उम्मीद है कि इंडस्ट्री में उनकी प्रतिभा को पहचाना जाएगा और उन्हें ऑफर आएंगे। परिणीति चोपड़ा ने एक बातचीत में कहा कि वह समान अवसर चाहती हैं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं वहां मौजूद सभी निर्माताओं से अवसर चाहती हूं। बड़े निर्माता, बड़े स्टूडियो प्रमुख और बड़े निर्देशक अगर हमारी प्रतिभा को पहचानते हैं। अगर हमारी कड़ी मेहनत दिखती है, तो बस हमें वह अवसर दीजिए। क्योंकि जब तक हमें वह मौका नहीं मिलेगा, तब तक हम खुद को साबित नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, अगर आज मेरे पास चमकीला नहीं होती, तो मुझे कभी पता नहीं चलता या दुनिया को कभी पता नहीं चलता कि मैं लाइव गा सकती हूं। मैं अपना वजन बढ़ा सकती हूं और मैं अच्छा अभिनय कर सकती हूं। मैं अभी भी वही पुरानी स्थिति में हूं। परिणीति ने कहा, कभी-कभी गलत कारणों से आपको अच्छे अवसर नहीं मिलते हैं। मैं निर्देशकों के पास गई और उन्होंने कहा, मैं पिछली तीन फिल्मों से तुम्हारे साथ काम करना चाहता था। मगर मुझे नहीं पता था कि तुम काम करना चाहते हो या नहीं। परिणीति ने कहा, मैं बस यही चाहती हूं कि चमकीला के बाद अब यह बंद हो जाए। मैं आशा करती हूं कि यह मेरे लिए सही साबित हो। मुझे उम्मीद है कि अगर मैं अच्छा काम करूंगी, तो मुझे अच्छा काम मिलेगा। अब मैं इसी की तलाश में हूं। मैं किसी खास प्रोजेक्ट का इंतजार नहीं कर रही, सिर्फ अच्छे काम की तलाश में हूं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित नेटफिलक्स की अमर सिंह चमकीला में परिणीति चोपड़ा ने पहली बार दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा की है। दर्शकों को ये फिल्म बेहद पसंद आई है। इससे पहले वह 2023 में अक्षय कुमार के साथ मिशन रानीगंज में नजर आई थीं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी।



# हैदराबाद में होगी दिव्या खोसला स्टारर फिल्म हीरो हीरोइन की शूटिंग

एक्ट्रेस दिव्या खोसला अपकमिंग फिल्म हीरो हीरोइन के जरिए तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में 35 लोकेशन पर की जाएगी। इन लोकेशन्स में आउटडोर-इनडोर सेटिंग्स के साथ-साथ असली लोकेशन भी शामिल हैं। सुरेश कृष्णा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक्टर परेश रावल भी निर्देशक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने कहा, हीरो हीरोइन के साथ, हमारा मकसद सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखना और नयापन लाना है। सुरेश कृष्णा और मैंने कई घंटों तक विचार-मंथन किए, और यह सुनिश्चित किया कि हर सांस्कृतिक बारीकियों को सही ढंग से चित्रित किया जाए। उन्होंने कहा, फिल्म में डांस सीक्वेंस एक ग्लैमरस प्रोजेक्ट होगा, जो हैदराबाद की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। हीरो हीरोइन की शूटिंग 10 जून से शुरू होने वाली है।

# टीवी में कमबैक करना चाहती हैं दिव्यांका

दिव्यांका त्रिपाठी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी सीरीज अदृश्यम को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में दिव्यांका ने टीवी में वापसी करने की इच्छा जाहिर की है। दिव्यांका ने बताया कि अगर उन्हें अच्छे किरदार ऑफर होते हैं तो वह टीवी में जरूर वापसी करेंगी। अभिनेत्री ने कहा कि टीवी ने ही उन्हें जन्म दिया है और वह कभी भी टीवी को भूल नहीं सकती हैं। दिव्यांका ने यह भी बताया है कि उन्हें अभी भी कई सीरियल्स ऑफर हो रहे हैं, लेकिन किसी भी किरदार में दम नहीं दिख रहा है।





# जूनियर एनटीआर-प्रशांत नील की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

आरआरआर के बाद जनियर एनटीआर की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। इस फिल्म के बाद उनके विदेशी फैंस की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फिलहाल, इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं। कोरताला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच उनके एक और प्रोजेक्ट पर बड़ा अपडेट आया है।

## फिल्म को लेकर आया ये अपडेट

देवरा के बाद जूनियर एनटीआर प्रशांत नील के साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केजीएफ और सलार की तरह इस फिल्म को भी बड़े स्केल पर बनाया जाएगा। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि यह प्रोजेक्ट इस साल अगस्त के महीने से शुरू हो सकता है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म को दो भाग में रिलीज किया जाएगा। इससे पहले के कई रिपोर्ट में बताया गया था कि फिल्म अप्रैल में शुरू हो जाएगी। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका।

## देवरा को लेकर चर्चा में जूनियर एनटीआर

फिलहाल, आरआरआर अभिनेता देवारा-पार्ट 1 और वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। देवरा में जान्हवी कपूर और सैफ अली खान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के कलाकारों में प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको भी शामिल हैं। फिल्म देवरा को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। मेकर्स का दावा है कि लोगों को फिल्म का वीएफएक्स हैरान कर देगा। इस 10 अक्तूबर को रिलीज करने की तैयारी है।

## मोदी–राहुल के चुनावी भाषणों पर नोटिस

**– भाजपा–कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा**

नई दिल्ली (ईएमएस)। चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया। यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खडगे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग को पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जिम्मेदार माना

ये शिकायतें मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ने भाजपा और कांग्रेस पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा। आयोग ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने कहा कि अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, खासतौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में। ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

## संदेशखाली केस में पहली एफआईआर दर्ज

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है। इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने 8 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीडऩ और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में 3 आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं।

## अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे–313 का बड़ा हिस्सा ढह गया है। चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया। दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। अधिकारियों के मुताबिक, लैंड स्लाइड में ढहे हिस्से के कंस्ट्रक्शन में कम से कम 3 दिन लगेंगे। कई दिनों से दिबांग वैली में जारी बारिश जारी की वजह से लैंड स्लाइड। दिबांग वैली को पूरे देश से नेशनल हाईवे 313 जोड़ता है। अधिकारियों के मुताबिक, दिबांग वैली में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। हुनली और अनीनि के बीच हाईवे 313 का काफी बड़ा हिस्सा लैंड स्लाइड में ढह गया है। हाई–वे की मरम्मत के लिए टीम भेजी गई है।

## ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा था। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं।

## देशभर में सौ से ज्यादा वारदातों को अंजाम देने वाले चोर को ढूंढ रही थी छह राज्यों की पुलिस, कल्याण पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याण। छह राज्यों की पुलिस उस शातिर चोर की तलाश कर रही थी, जिस पर देशभर में चोरी के 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। इस बीच वह चोर गुजरात पुलिस के चंगुल से भाग निकला और मुंबई से सटे कल्याण की कोलशेवाड़ी पुलिस ने उसे धर दबोचा। अब उसे गुजरात पुलिस को सौंप दिया गया है. गिरफ्तार चोर नाम राम विलास उर्फ रामा गुप्ता है. बताया गया है कि गुजरात पुलिस आरोपी राम विलास गुप्ता को बीते 10 अप्रैल को ठाणे में जांच के लिए उसे ठाणे शहर में लेकर आई थी. इसी दौरान राम विलास गुजरात पुलिस को चकमा देकर उसके चंगुल से भाग निकला। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार राम विलास एक कुख्यात चोर है. उत्तर प्रदेश का रहने वाला राम विलास गुप्ता देशभर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है. राम विलास पर सौ से ज्यादा मामले दर्ज हैं. वह महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, दिल्ली तथा आंध्र प्रदेश में कई अपराधों में फरार है। चूंकि यह शातिर चोर पुलिस हिरासत से भाग गया था, इसलिए पुलिस की कई टीमें उसे ढूंढने में लगी हुई थी। कल्याण के कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम को थाने के एक पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे ने राम विलास के बारे में जानकारी दी। कल्याण के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल, एसीपी कल्याणजी घेटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे की पुलिस टीम एक गुप्त जानकारी के आधार पर कल्याण से सटे म्हारल इलाके में एक ढाबे पर पहुंची जहाँ राम विलास बैठा था. पुलिस ने उसे वहां से हिरासत में ले लिया. इसके बाद उसे गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया.

## तिहाड़ जेल में दो गुट आपस में भिड़े, चार कैदी घायल

नई दिल्ली। देश की जानी मानी तिहाड़ जेल में संदिग्ध गैंगवार और जेल में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इसमें चार कैदियों के घायल होने की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत दोनों कैदियों समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घायल अलग–अलग समूहों से थे। हमले का कारण जेल में अपना दबदबा स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## राजस्थान में 73 हजार, 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 73 हजार 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण के लिए 38 हजार 274 इसजरह के मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का उपयोग किया। जबकि प्रथम चरण के तहत 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। श्री गुप्ता ने बताया कि आम चुनाव–2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग वाले मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने बताया कि इस विकल्प के तहत सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 799 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इस दौरान 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने और 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से उनका मतदान नहीं हो सका।

श्री गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया है। अब तक कुल 38 हजार 274 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। इसमें 26 हजार 569 बुजुर्ग, जबकि 8956 दिव्यांग मतदाता है। 418 मतदाताओं की मृत्यु हुई और 614 मतदाता घर पर नहीं मिले।

# दिल्ली में शुक्रवार नहीं होगा मेयर इलेक्शन? 'आप' का आरोप- एलजी ने रद्द किया चुनाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को दावा किया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को ÷रद्द÷ कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर पद के लिए चुनाव 26 अप्रैल को होने हैं। हालांकि, मेयर चुनाव रद्द करने को लेकर आप द्वारा लगाए गए आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दावा किया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि चुनाव आयोग की अनुमति के बावजूद बीजेपी ने चुनाव रद्द कर दिया है।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग से इजाजत होने के बावजूद बीजेपी ने यह चुनाव रद्द करवा दिया। एलजी कार्यालय ने यह कहते हुए चुनाव रद्द कर दिया कि वह मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। ऐसे पहले भी उदाहरण हैं जब उन्होंने मुख्यमंत्री की सहायता और सलाह का पालन नहीं किया है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारी से संबंधित फाइल को जानबूझकर लोक निर्माण मंत्री सौरभ भारद्वाज के बजाय मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा गया, जैसा कि किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ÷अगर यह फाइल पीडब्ल्यूडी मंत्री के पास जाती तो वह पीठासीन अधिकारी को सलाह देते। ऐसा न करके सरकार पर चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगा।÷

दरअसल, मेयर के चुनाव के लिए एलजी सीएम की सलाह पर एक पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करते हैं, जो मेयर का चुनाव कराता है। लेकिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में हैं और वह जेल से एलजी को पीठासीन अधिकारी के लिए सलाह नहीं दे सकते। पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव ने फाइल आगे बढ़ाई थी। यह फाइल सीएम कार्यालय भेजी गई थी। सीएम की अनुपस्थिति के कारण यह फाइल वापस दिल्ली के मुख्य सचिव के पास आ गयी। जिसे मुख्य सचिव ने एलजी को भेज दिया।

आप ने मेयर पद के लिए महेश खिची को नामांकित किया है, जबकि रविंदर भारद्वाज डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। 45 वर्षीय खिची वर्तमान में एमसीडी हाउस में देव नगर वार्ड नंबर 84 के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं और 2012 में इसकी स्थापना के बाद से आप से जुड़े हुए हैं। वह 2011 के इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) आंदोलन में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। , जिसने अंततः अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में्क्के गठन का मार्ग प्रशस्त किया।

## आप ने लोगों से की अपील, कहा जेल का जवाब वोट से दे जनता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दिल्ली की जनता सेजेल का जवाब वोट से देने की अपील की। भारद्वाज और नयी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रो स्टेशन पर आने–जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की। भारद्वाज ने कहा कि अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है। लोगों ने तय किया है कि वे अपनी वोट की ताकत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा, एक महीने बाद दिल्ली के अंदर लोकसभा का चुनाव है। दिल्ली के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए आप अलग–अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। आज हम लोग नयी दिल्ली लोकसभा सीट से के प्रत्याशी के साथ मेट्रो स्टेशनों पर पंपलेट बांट रहे हैं और लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील कर रहे हैं। आप नेता ने कहा, आज दिल्ली के लोग इस बात से बहुत दुखी है कि उनके सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है। दिल्ली के लोग इसका जवाब भाजपा और केंद्र सरकार को देना चाहते हैं। आप और दिल्ली की जनता ने यह तय किया है कि हम लोग जेल का जवाब वोट सेदेंगे। हम अपने वोट की ताकत से भाजपा को बताएंगे कि जो उन्होंने जो किया वह गलत किया है।

## कांग्रेस मैनिफेस्टो समझाने के लिए खड़गे ने मांगा पीएम से समय,

# बोले- सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना बन गई है आपकी आदत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सबसे पुरानी पार्टी के 'न्याय पत्र' को समझाने के लिए उनका समय मांगा। कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते हुए, खड़गे ने कहा कि 'न्याय पत्र' का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। खड़गे ने लिखा कि आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मुझे आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर हमारे 'न्याय पत्र' के बारे में समझाने में बहुत खुशी होगी ताकि देश के प्रधान मंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ना, सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना आपकी आदत बन गई है।' मोदी के हालिया भाषणों का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि वह 'प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा से न तो हैरान हैं और न ही हैरान हैं।' उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में बीजेपी का निराशाजनक प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इस तरह की बातें करना शुरू करेंगे। कांग्रेस वंचित गरीबों और उनके अधिकारों ('न्याय') की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों और वंचितों की कोई चिंता नहीं है।

प्रधान मंत्री पर अपना हमला जारी रखते हुए, खड़गे ने कहा, 'आपकी 'सूट-बूट की सरकार' उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनके करों को आपने कम कर दिया है जबकि वेतनभोगी वर्ग उच्च करों का भुगतान करता है। गरीब भोजन और नमक पर भी जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट दावा करते हैं जीएसटी रिफंड। इसीलिए, जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम के साथ जोड़ रहे हैं।' खड़गे का जवाब हाल के चुनावी भाषणों में प्रधानमंत्रियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमलों के बाद आया है। कांग्रेस के घोषणापत्र को 'मुस्लिम लीग की छाप' कहने से लेकर सबसे पुरानी पार्टी पर 'संपत्ति के पुनर्वितरण' की साजिश रचने का आरोप लगाने तक, मोदी ने अपनी रैलियों में प्रमुख विपक्षी दल पर हमला करने में कोई शब्द नहीं छोड़ा है।

## फोन टैपिंग मामला अब भजनलाल सरकार के पाले में

**–सरकार और एजेंसियों जांच कर दोषियों पर करें कार्रवाई : पूनिया**

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकेश शर्मा के फोन टैपिंगकांड के खुलासे के बाद इस मामले की बॉल अब भजनलाल सरकार के पाले में चली गई है। अब सवाल खड़ा हो गया है कि जो आरोप पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने लगाए हैं क्या भजनलाल सरकार उन तथ्यों की जांच करवाएगी? लोकेश द्वारा लगाए इन आरोपों से यह साफ होता है कि गहलोत सरकार को गिराने की साजिश में बीजेपी या उनके नेताओं की कोई भूमिका नहीं थी। लोकेश के खुलासे के बाद इस मामले में बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि भजनलाल सरकार और जांच एजेंसियों को इन तथ्यों की जांच करनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

लोकेश शर्मा ने जो खुलासे किए हैं उनके मुताबिक अशोक गहलोत ने ही उन्हें पेन ड्राइव में रिकॉर्डिंग मीडिया में वायरल करने को दी थी। एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में विधायकों के खरीद-फरोख्त की बात कही गई थी। लोकेश शर्मा ने कहा कि मानेसर बाड़ेबंदी में सचिन पायलट व उनके सहयोगी, गहलोत सरकार के मंत्रियों व अन्य विधायकों के फोन सर्विलांस पर थे। अशोक गहलोत यह साजिश रच रहे थे कि पायलट गुट के लिए सचिन पायलट और उनके गुट को बदनाम किया जाए ताकि उनकी कुर्सी बची रहे। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि उस वक्त डीजीपी, गृहविभाग के अफसरों को फोन टैपिंगकांड की जानकारी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने के लिए सीएमआर में साजिशें होती रही। संजीवनी से जुड़े लोगों को सीएम हाउस बुलाया और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। रीट पेपर लीक करवाने वाले राजनीतिक लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने कोरोनाकाल में मेडिकल उपकरणों, दवाइयों की खरीद-फरोख्त में और महिलाओं को फ्री मोबाइल देने में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। लोकेश शर्मा ने जो तथ्य पेश किए हैं, उनकी जांच करवाने की जिम्मेदारी अब भजनलाल सरकार की है। बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने भी कहा है कि मैं सरकार का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन उस वक्त बीजेपी और हम पर सरकार गिराने की साजिश रचने के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने आरोप लगाए थे।

## लालू के दामाद का टिकट काटकर... कन्नौज सीट से उतरे अखिलेश

**–बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की**

**कन्नौज (एजेंसी)।** शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। सपा प्रमुख, (जिन्होंने 2000 और बाद में 2004 और 2009 में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था) ने राम गोपाल यादव सहित पार्टी नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद रामगोपाल यादव ने कहा कि सपा भारी अंतर से सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, भाजपा उम्मीदवार इस सीट पर अपनी जमानत जब्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि सपा द्वारा पूर्व मैनपुरी सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को अपने उम्मीदवार के रूप में दाखिल करने के अपने पहले के फैसले को पूरी तरह से उलटने का प्रतीक है। अखिलेश ने कहा कि मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी, नेताओं, कार्यकर्ताओं और सभी की भावना थी कि मैं कन्नौज से चुनाव लड़ूं। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि विकास जानबूझकर भाजपा सरकार ने रोका, क्योंकि इसकी शुरुआत समाजवादी ने की थी। बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की है। बीजेपी ने बार-बार लोगों का अपमान किया है...मैं पहले भी कन्नौज के लोगों की सेवा करने आया था। कन्नौज की जनता ने विकास होते देखा है। भाजपा सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव सबसे बड़ा त्यौहार है।

## रामलला के दर्शन कर नामांकन करेंगे राहुल और प्रियंका!



**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी से चुनावी मैदान में उतरेंगे या नहीं, इस रहस्य से जल्द पर्दा उठने वाला है। सूत्र बताते हैं कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद राहुल गांधी अमेठी से तो प्रियंका गांधी रायबरेली से नामांकन दाखिल कर सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि कल 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद गांधी परिवार अमेठी लोकसभा सीट और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का रुख करेगा।

सूत्रों का कहना है कि 30 अप्रैल के पहले इस मामले पर पर कोई औपचारिक ऐलान नहीं होगा। कांग्रेस हाईकमान समेत पार्टी के कई नेता रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी के मुद्दे पर चुप हैं। खुद राहुल गांधी भी अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर यह बोल चुके हैं कि यह फैसला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। उन्होंने बीते दिनों कहा था कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं और मुझे जो आदेश दिया जाएगा, मैं उसका पालन करूंगा। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अगर अमेठी और रायबरेली से क्रमशः राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो एक से तीन मई के बीच दोनों नेता अपनी-अपनी सीट पर नामांकन करेंगे। दोनों ही निर्वाचन क्षेत्रों में तीन मई को नामांकन का आखिरी दिन है। दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5वें चरण के तहत 20 मई को मतदान होगा। इससे पहले कांग्रेस के कम्यूनिकेशन सेल के प्रभारी जयराम रमेश समेत कई अन्य नेता इस आशय के संकेत दे चुके हैं कि राहुल और प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। बीते दिनों अमेठी स्थित उस घर में साफ सफाई और पेंटिंग की तस्वीरें भी सामने आईं थीं जिसमें राहुल रहते हैं।

बताया गया है कि राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंच सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी अमेठी जा सकते हैं। यहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने सीपीआई की नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन की महासचिव और पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा से उनका मुकाबला है। 2019 में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से चार लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। हालांकि अमेठी सीट से हार गए थे।

# पैसों की किल्लत से दो चार हो रही अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा

**–इसरो के लिए सरकार ने खोल दिया खजाना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अगले कुछ साल में इसरो की योजना मंगलयान-2 और शुक्र मिशन जैसे प्रोग्रामों को अंजाम तक पहुंचाने की है। इसरो के लिए मोदी सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। इसके उलट अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा फंड की किल्लत से रूबरू है। न सिर्फ नासा का बजट घटता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी पर ऐसी कंगाली क्यों आई है? यह समझने की कोशिश करते हैं।

अक्टूबर 1957 में सोवियत संघ ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब उसने पहली आर्टिफिशियल सैटेलाइट स्पुतनिक लांच की थी। इस घटना ने अमेरिका को अपने अंतरिक्ष प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए हवा दी। वह किसी प्रतिद्वंद्वी महाशक्ति से पीछे नहीं रहना चाहता था। लिहाजा, अमेरिकी सरकार ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में संसाधन झोंककर नासा का गठन किया।

हालांकि, प्रतिस्पर्धा की वह भावना खत्म होती दिख रही है। इसका संकेत नासा की बजट कटौती को देखकर लगता है। नासा ने वित्?त वर्ष 2024 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में अपने सभी मिशन, स्?पेस एक्?सप्?लोरेशन और ऑपरेशन के लिए लगभग 27 अरब डॉलर का अनुरोध किया था। लेकिन, इसके मुकाबले नासा को लगभग 9 प्रतिशत कम रकम मिली। पिछले वर्ष की तुलना में यह 2 प्रतिशत कम थी। अब वित्त वर्ष 2025 के लिए नासा ने जो बजट अनुरोध रखा है, वह पिछले साल की मांग से 2 अरब डॉलर कम है।

दरअसल, इसका संबंध अमेरिकी सरकार के कर्ज के बोझ से है। पिछले साल देश डिफॉल्ट के कगार पर था। वह अनावश्यक खर्च को कम कर रहा है। नासा के कार्यक्रमों को उसी का हिस्सा माना जाता है। यह दिखाता है कि 1960 के दशक के बाद से समय बदल गया है।

उस समय अमेरिका चंद्रमा की दौड़ जीतने और सोवियत संघ को हराने के लिए बेचैन था। तब नासा पर पैसा लुटाने में कोई संकोच नहीं किया। 1965 में अपने चरम पर नासा की फंडिंग कुल अमेरिकी सरकारी खर्च का लगभग 5 प्रतिशत थी। उन सभी संसाधनों का उपयोग करके नासा अपोलो बनाने में सक्षम था। यह चंद्रमा पर पहले मनुष्यों को उतारने वाला अंतरिक्ष मिशन था।

यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण था कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक 5 डॉलर में से 3 डॉलर अपोलो मिशन में जाते थे। नासा ने इस पर 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए। महंगाई की दर को एडज?स्?ट कर दिया जाए, तब आज के मूल्य में यह रकम 283 अरब डॉलर बैठती है।

हालांकि, 1969 में जैसे ही अमेरिका ने चंद्रमा पर कदम रखा, फंडिंग भी बंद होने लगी। अमेरिका को लगा कि सोवियत संघ को हरा दिया है। अपोलो मिशन ने अमेरिकियों को बांट दिया। नागरिकों के एक वर्ग को यह भी लगा कि




सरकार उन लाखों अमेरिकियों की मदद करने में बेहतर पैसा खर्च कर सकती थी जो बुनियादी जरूरतें नहीं पूरी कर सकते थे। इसी के चलते नासा के लॉन्चपैड के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। इन सबके साथ सरकार ने आगे के मिशनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नासा की फंडिंग धीरे-धीरे नीचे की ओर जाने लगी।

बेशक, अमेरिका में अभी भी दुनिया में सबसे अधिक अंतरिक्ष खर्च हैं। लेकिन, नासा को बजट आवंटन से 0.4 प्रतिशत से भी कम मिलता है। नासा को यह पसंद नहीं है।

# इंश्योरेंस कराते समय गाड़ी के इंजन टाइप का ध्यान रखना जरुरी

### -ऐसे प्लान लें जो आपकी पूरी गाड़ी को कवर कर सके

**नई दिल्ली।** इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते समय कोई छोटी सी भी गलती हो जाए तो क्लेम लेने में मुश्किल आ जाती है। ऐसे में आपको ऑटो इंश्योरेंस को समझना बहुत जरूरी है जिससे कि आपको इंश्योरेंस का क्लेम लेने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। ऑटो इंश्योरेंस कराते समय आपको गाड़ी के इंजन टाइप पर पूरा ध्यान रखना चाहिए कि वह पेट्रोल, डीजल या ईवी है। अगर आपकी ईवी या फिर हाइब्रिड है तो आपको ये जरूर जांचना चाहिए कि इंश्योरेंस में चार्जिंग केबल, कनैक्टर्स, एडाप्टर आदि भी कवर होना चहिए। इसमें आग लगना और चोरी जरूर शामिल होनी चाहिए। कवरेज का भी इंश्योरेंस में काफी महत्व होता है। ऐसे में आपको हमेशा ऐसे प्लान लेना चाहिए जो आपकी पूरी गाड़ी को कवर कर सके। आपको हमेशा कॉम्प्रीहेंसिव कवरेज प्लान चुनना चाहिए। इसमें ज्यादा कवरेज मिलता है। वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी कवरेज लेते हैं तो इसमें गाड़ी कवर नहीं होती है। ऑटो इंश्योरेंस में आपको इंश्योरेंस डिक्लेयर्ड वैल्यू (आईडीवी) का खास ध्यान रखना होता है। आपको उन्हीं इंश्योरेंस को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो आपको अधिकतम आईडीवी वैल्यू देते हैं। आईडीवी वह वैल्यू होती है, जिस पर कंपनियां आपको क्लेम देती है।

इंश्योरेंस में ऐड ऑन कवरेज जैसे ब्रेकडाउन एसिसटेंस, टायर प्रोटेक्शन, इंजन और गेयरबॉक्स प्रोटेक्शन जैसे प्लान को शामिल करना चाहिए। आपको ऐसी कंपनी का चुनाव करना चहिए, जिसका क्लेम सेटलमेंट रेश्यो सबसे अधिक है। आपको क्लेम प्रोसेस के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए और ऐसे इंश्योरेंस का चुनाव करना चाहिए जो सेल्फ इंस्पेक्शन क्लेम की सुविधा देता हो।आज के समय आपको ज्यादातर कंपनियों की ओर से कैशलैस गैराज की सुविधा दी जाती है। इसका फायदा यह है कि अगर गाड़ी को कोई नुकसान होता है तो गैराज में बिना पैसे दिए गाड़ी को रिपेयर करवा सकते हैं।

# बिहार में पेट्रोल और डीजल सस्ता

**नई दिल्ली।**

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता भी हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को भी सभी महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर ही रखी हैं। गुरुवार को बिहार में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल के दाम 19 पैसे घटकर 107.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 18 पैसे घटकर 93.84 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत 67 पैसे घटकर 103.87 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 63 पैसे घटकर 90.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, तामिलनाडु , तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल



की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 92.34 रुपये प्रति लीटर है।


# एचयूएल का मुनाफा 1.6 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।**




देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के मुनाफे में गिरावट आई है लेकिन यह बाजार की उम्मीद से थोड़ा बेहतर रहा है। वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1.6 फीसदी घटकर 2,558 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,600 करोड़ रुपये था। एचयूएल की आय वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में महज 0.6 फीसदी बढ़कर 15,041 करोड़ रुपये रही, वहीं बिक्री में सालाना आधार पर केवल 2 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एक खबर के अनुसार विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 2,517.2 करोड़ रुपये मुनाफे और 15,156.7 करोड़ रुपये आय का अनुमान लगाया था। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में आय 1.7 फीसदी घटी है जबकि मुनाफा 2 फीसदी बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में एचयूएल का कुल खर्च 1.15 फीसदी बढ़कर 12,100 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,962 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में एचयूएल का सकल मार्जिन 350 आधार अंक सुधरा है और विज्ञापन तथा प्रचार पर कंपनी का खर्च 200 आधार अंक बढ़ा है। एचयूएल के एक वेरिष्ठ अेधिकारी ने एक रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 24 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए साधारण आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी होगी। पूरे वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का मुनाफा 10,277 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2023 में 10,120 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय बीते वित्त वर्ष 62,707 करोड़ रुपये रही जो इससे एक साल साल पहले 2022-23 में 61,092 करोड़ रुपये थी। अेधिकारी ने कहा` कि मांग में धीरे सुधार दिख रहा है। हमारा मानना है कि बाजार धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएगा।

# स्मार्टफोन, चार्जर पड सकता है काफी महंगा



### -ले रहे इंसानों की जान, मीठे जहर जैसा है इनका असर


**नईदिल्ली।** कई बार लोग सस्ते के चक्कर में कोई भी स्मार्टफोन, चार्जर या फिर अन्य स्मार्टफोन एसेसरीज खरीद लेते हैं, जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई बार इस तरह की आदतों की वजह से लोगों की जान तक जा चुकी है। ऐसे में स्मार्टफोन खरीदते वक्त आपको कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए। हालांकि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत से तनाव, चिंता, अवसाद और नींद की कमी जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। रिपोर्ट की मानें, तो ज्यादा देर तक फोन देखने से आंखों में थकान, सिरदर्द और गर्दन में दर्द हो सकता है। इसके अलावा यूजर्स खराब डिस्प्ले वाला फोन सस्ते के चक्कर में खरीद लेते हैं, जिससे निकलने वाली ब्लू लाइट से नींद न आने की समस्या बढ़ रही है। फोन पर ज़्यादा समय बिताने से लोगों के रिश्तों में तनाव और अकेलापन हो सकता है, जिससे सुसाइड जैसी घटनाएं हो रही है। हमेशा किसी अच्छे ब्रांड का फोन लेना चाहिए, क्योंकि खराब बैटरी या चार्जर से फोन में विस्फोट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों की जान तक जा चुकी है। हमेशा किसी अच्छे ब्रांड का स्मार्टफोन और चार्जर लेना चाहिए।सोशल मीडिया और फोन इस्तेमाल का वक्त सीमित करना चाहिए।फोन को गर्मी और पानी से दूर रखना चाहिए। हम सबको मिलकर फोन के इस्तेमाल को समझदारी से करना चाहिए ताकि ये हमारी जान न ले सकें।फोन के ज्यादा इस्तेमाल से हीटिंग की समस्या आती है, जिससे फोन में आग लग सकती है। किसी भी ब्रांड का स्मार्टफोन लेन से बिजली का झटका लग सकता है, क्योंकि उसमें खराब वायरिंग या पानी में गिरने से फाल्ट हो सकता है। ऐसे में हमेशा अच्छी डिस्प्ले वाले फोन खरीदने चाहिए।

# भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति भविष्य में कम गंभीर होगी: आरबीआई

**नई दिल्ली।**

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के एक सदस्य ने कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

## कोटक महिंद्रा बैंक के नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने की वजह से कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिये नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया। आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन, सूचना सुरक्षा संचालन में गंभीर कमियां पाए जाने पर ये कार्रवाइयां की गई हैं। बयान के मुताबिक, वर्ष 2022 और 2023 के लिए बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं से समय पर तथा सही तरीके से निपटने में बैंक के लगातार नाकाम रहने के बाद यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। आरबीआई ने दिसंबर, 2020 में बार-बार प्रौद्योगिकी संबंधी खराबी सामने आने पर एचडीएफसी बैंक पर भी नए कार्ड जारी करने और नई डिजिटल पहल शुरू करने पर रोक लगा दी थी।




## एफएसएसएआई एकत्र कर रहा नेस्ले के सेरेलैक के नमूने: सीईओ

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने एकत्र कर रहा है। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है। एफएसएसएआई के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि हम देश भर से नेस्ले के सेरेलैक शिशु आहार के नमूने एकत्र कर रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। रिपोर्ट तैयार करने के लिए विभिन्न देशों में बेचे जाने वाले करीब 150 विभिन्न शिशु उत्पादों का अध्ययन किया गया। रिपोर्ट के अनुसार छह महीने के बच्चों के लिए नेस्ले का गेहूं आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है, लेकिन भारत से विश्लेषण किए गए 15 सेरेलैक उत्पादों में एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। हालांकि नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है।

## टाटा कंज्यूमर का मुनाफा 26 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।**




टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टाटा नमक और चाय जैसे कई प्रोडक्ट्स बनाती है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 26.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 212.26 करोड़ रुपये रह गया। नतीजे के साथ-साथ निवेशकों को बोर्ड ने 775 फीसदी (7.75 रुपये) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है। वहीं टाटा एलेक्सी का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में मुनाफा 2.2 फीसदी घटकर 196.93 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 201.51 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 1215.4 करोड़ रुपये था। इससे पहले वित्त वर्ष में 1320.14 करोड़ रुपये था। इस दौरान आय 15,205.85 करोड़ रुपये रही। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में यह 13,783.16 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया` कि मुख्य रूप से ज्यादा खर्च होने के कारण कंपनी का मुनाफा कम हुआ है। इस गिरावट की वजह विलय, अधिग्रहण की लागत और वित्तीय साधनों पर मूल्य नुकसान आदि कई कारण रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक` वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने 29 नए स्टोर खोले और 6 नए शहरों में प्रवेश` किया। इस वर्ष सबसे ज्यादा 95 स्टोर जोड़े गए।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी बैंकिग के साथ ही एसबीआई के शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 486.50 अंक करीब 0.66 फीसदी बढ़कर साथ 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 167.95 अंक तकरीबन 0.75 फीसदी ऊपर आकर 22,570.35 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक्सिस बैंक , एसबीआई, डॉ रेड्डीज लैब, जेएसडब्ल्यू स्टील और नेस्ले इंडिया निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं कोटक महिन्द्रा बैंक , एलटीआई माइंडट्री, एचयूएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और टाइटन के शेयर गिरे हैं। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार की



शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 पर आ गया। वहीं दूसरी तरफ निफ्टी 97.15 अंक गिरकर 22,305.25 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से एक्सिस बैंक ने 3 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने के बाद बैंक के शेयर 9 फीसदी से अधिक गिरकर 1,673 रुपये पर आ गया। आज कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा की बढ़त हासिल कर फिर से 74,000 पार निकल गया था। सेंसेक्स में गुरुवार को 73,788.61 और 74,121.61 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 34.40 की बढ़त दर्ज की गई थी।

## भारतीय बाजार में सेनहैजर ने नया इयरबडस उतारा


**मुंबई।** सेनहैजर के नए इयरबड्स मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया गया है। यह एक लेटेस्ट जनरेशन वाला फ्लैगशिप इयरबड्स है। इसकी कीमत 18,990 रुपये है। इयरबड्स ब्लैक कॉपर और मेटालिक सिल्वर और ग्रेफाइट कलर ऑप्शन में आएगा। इयरबड्स की प्री-बुकिंग 24 अप्रैल से शुरू हो गई है। इयरबड्स की बिक्री 1 मई 2024 से होगी। इसे अमेजन और लीडिंग आउटलेट स्टोर से खरीदा जा सकेगा। इस इयरबड्स में प्रीमियम टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें करीब एक दर्जन अपग्रेड्स और फ्यूचर फेसिंग टेक्नोलॉजी जैसे स्नैपड्रैगन साउंड टेक्नोलॉजी के साथ क्वालकॉम सपोर्ट दिया गया है। इयरबड्स में ऑराकॉस्ट और अल्ट्रा लो लेटेंसी मोड दिया गया है। इयरबड्स में हाई परफॉर्मेंस ऑडियो एक्सपीरिएंस दिया गया है।~ इस सीरीज में हाई रेजोल्यूशन स्ट्रीमिंग सुविधा दी गई है। इयरबड्स में ब्लूटूथ 5.4 नेक्स्ट जनरेशन परफॉर्मेंस दिया गया है। इयरबड्स में ब्लूटूथ एलई ऑडियो के साथ एलसी 3 और ऑराकॉस्ट सुविधा दी जाएगी।

# पीएम शहबाज से कारोबारियों ने भारत से व्यापार वार्ता शुरू करने का किया आग्रह

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के कारोबारियों ने देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है। शरीफ के साथ एक संवाद सत्र में उन्होंने यह आग्रह किया, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। पाकिस्तान की वाणिज्यिक राजधानी में सिंध सीएम हाउस में एक घंटे की बैठक के दौरान कई बड़े सवाल उठे। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी। एक समाचार पत्र की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर उच्च ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियां के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। प्रधानमंत्री के संक्षिप्त भाषण के बाद सवाल-जवाब शुरू किए गए। इस दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने वांछित परिणाम हासिल करने के लिए आर्थिक नीतियों पर प्रस्ताव भी साझा किए। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल के निवासी के साथ भी हाथ मिलाना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

## वंशज में डीजे के शक ने युक्ति के सामने खड़े किये मुश्किल प्रश्न



**मुंबई :** सोनी सब में ये युविका महाजन की कहानी है, हाल के एपिसोड्स में युक्ति को उसकी माँ भूमि सवाल करती है कि क्या वो सही कर रही है। साथ ही युक्ति, डीजे की मंगेतर कोयल के बारे में सबूत डीजे की माँ गर्गी के पास पहुँचने से पहले, युविका को वापस देना चाहती है। आगे के एपिसोड्स में, महाजन परिवार लंच पार्टी रखता है जिसमें युक्ति को बुलाया जाता है। लेकिन, हर कोई उस पर शक की निगाह से देखता है और उसकी असली पहचान, सोशल मीडिया पर उसकी मौजूदगी और संबंधों से सवालों के घेरे में आ जाती है। डीजे को होली का एक पुराना वीडियो मिलता है, जिसमें युक्ति जैसी दिखने वाली एक भूरी आंखों वाली लड़की दादा जी को भागने में मदद करती हुई नजर आती है। इससे डीजे को शक होता है कि ये वही लड़की है जिसने दादा जी को भागने में मदद की थी। लेकिन युक्ति अपनी सफाई देती है कि वीडियो वाली लड़की की आंखों का रंग उससे मेल नहीं खाता, ये युविका भी हो सकती है। डीजे, दादा जी को अस्पताल से भागने में मदद करने वाली लड़की के बारे में सच जानने में नाकामयाब होकर निराश हो जाता है। वो फिर से सच उजागर करने के लिए घटनास्थल को दोबारा बनाने की कोशिश करता है, लेकिन नाकामयाब रहता है।

## हैप्पीएस्ट माइंड्स 779 करोड़ में प्योरसॉफ्टवेयर का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।**

आईटी कंपनी हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 779 करोड़ रुपये में प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने 779 करोड़ रुपये की कुल खरीद पर प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी हासिल करने के लिए निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। हैप्पीएस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हैप्पीएस्ट माइंड्स परिवार में प्योरसॉफ्टवेयर दल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इस अधिग्रहण के जरिए हैप्पीएस्ट का लक्ष्य बीएफएसआई और स्वास्थ्य सेवा व जीवन विज्ञान क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को मजबूत करना है। प्योरसॉफ्टवेयर का नोएडा में मुख्यालय है और इसकी वैश्विक स्तर पर उपस्थिति है। यह केंद्रित क्षेत्रों में वैश्विक उद्यमों के साथ साझेदारी करता है जिसमें बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाएं व बीमा (बीएफएसआई), स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान, खुदरा तथा रसद के साथ ही गेमिंग और मनोरंजन शामिल हैं।

# आईपीएल 2024 : पंजाब किंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी केकेआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर अपनी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। केकेआर 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है और जीत की प्रबल दावेदार है। उसके इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम अब तक बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। केकेआर की अब तक की सफलता में उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की अहम भूमिका रही है हालांकि उसके तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक इस टूर्नामेंट में और ऐसे में केकेआर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। स्टार्क के पास इसलिए भी अच्छा अवसर है क्योंकि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं। कप्तान शिखर धवन के अलावा निचले क्रम पर शशांक सिंह और आशुतोष ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब की टीम के 4 अंक हैं और वह प्लेआफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। धवन का खेलना इस मैच में उनकी फिटने पर आधारित रहेगा। धवन पिछले दिनों कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गये थे हालांकि अभ्यास सत्र में वह शामिल हुए जिससे उनके खेलने की उम्मीद हैं।

केकेआर की बल्लेबाजी सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण, फिल साल्ट के अलावा आंद्रे रसेल और कप्तान श्रेयस अय्यर पर आधारित रहेगी। इसके अलावा उसके पास रिंकू सिंह जैसा आक्रामक बल्लेबाज भी निचले क्रम पर है। अभी तक टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिससे टीम बड़े स्कोर बनाने में सफल रही है। उसने अधिकतर मैचों में 200 से अधिक रन बनाये हैं। वेंकटेश अय्यर अब तक अधिक रन नहीं बना पाये है, ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। टीम को इस मैच में नीतिश राणा की कमी खलेगी। नीतिश अच्छे बल्लेबाज होने के साथ ही स्पिनर भी हैं। .

केकेआर की गेंदबाजी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रही है जिसमें वह लय हासिल करने का प्रयास करेगी। अब तक केवल सुनील नरेन ही कुछ हद तक प्रभावित कर पाये हैं।




उनका इकॉनॉमी रेट 7 के करीब रहा है हालांकि पिछले मैच में वह बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये थे। अब पंजाब की उम्मीदों धवन के अलावा शशांक और आशुतोष पर रहेंगी।

पंजाब को इस मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का लाभ उठाकर आक्रमक बल्लेबाजी करनी होगी। उसके पास शीर्षक्रम में प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो जैसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। इन इनके पास इस मैच में रन बनाकर फार्म हासिल करने का अवसर है।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

# उसेन बोल्ट बने टी20 विश्व कप के ब्रॉन्ड एंबेसडर, बोले- चाहूंगा विंडीज जीते




**मुंबई (एजेंसी)।** दुबई - अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट के नाम वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

आईसीसी से जारी विज्ञप्ति में बोल्ट ने कहा कि मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का दूत बनकर रोमांचित हूं। कैरेबियाई देशों क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल के लिए हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहा है। बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा कि मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका बनाएगा।

# आईपीएल अंक तालिका में एक स्थान ऊपर आयी दिल्ली कैपिटल्स

### -ऋषभ पंत ऑरेंज कैप के दावेदारों में तीसरे नंबर पर पहुंचे

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली जीत के साथ ही एक साथ का लाभ हुआ है और वह छठे स्थान पर आ गयी है। वहीं गुजरात की टीम सातवें नंबर पर खिसक गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के अब 9 मैचों में आठ अंक हैं पर -0.386 के बेहतर नेट रन रेट के कारण वह रैंकिंग में गुजरात से ऊपर आ गयी है। गुजरात की टीम अंक तालिका में नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही छठे से खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं अंक तालिका में अभी राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है जबकि 10-10 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर है। चेन्नई के 8 मैचों में 8 अंक हैं जिस कारण वह पांचवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस 6 अंक लेकर आठवें, पंजाब किंग्स 4 अंक लेकर नौवें और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 2 अंक लेकर 10वें स्थान पर है। ऑरेंज कैप के दावेदारों में आरसीबी के विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाकर सबसे बड़े दावेदार बने हुए हैं। विराट के 379 रन हैं, दूसरे नंबर पर सीएसके के रुतुराज गायकवाड़ हैं उनके 349 रन हैं जबकि गुजरा के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर 88 रन बनाने के साथ ही दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत कुल 342 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर आ गये हैं। पर्पल कैप की सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह 13 विकेट लेकर पहले जबकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल 13 विकेट लेकर दूसरे नंबर हैं। पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल भी 13 विकेट, तीसरे नंबर पर हैं। औसत और इकोनॉमी में बेहतर होने के कारण बुमराह और चहल को पहला और दूसरा स्थान मिला है।

# राहुल बनाम सैमसन, आवेश बनाम बिश्नोई या अक्षर, जल्द होगी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं।

आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पांड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पांड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब 9 की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने 9 के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

# टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मुकाबलों वाला प्रोमो जारी

मुम्बई । क्रिकेट प्रशंसकों को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का ब्रेसब्री से इंतजार है। इसी को लेकर अब टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो जारी किया है। टी20 विश्वकप 2 जून से शुरू होगा। इस प्रोमो वीडियो से प्रशंसक उत्साहित हैं। इसमें पिछले दो दशकों में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अलग-अलग मैचों के अहम पलों को शामिल किया गया है। इस प्रोमो में टी20 विश्व कप के इतिहास की कई कई यादें दिखाई जा रही हैं। इस प्रोमो की शुरुआत में महेंद्र सिंह धोनी दिखाई दे रहे हैं, जो टी20 विश्व कप 2007 के समय भारतीय टीम के कप्तान थे। इसमें मिस्बाह उल हक का अंतिम स्कूप शॉट दिखाया गया है। मिस्बाह के इसी शॉट पर उछले कैच को श्रीसंत ने पकड़ा था जिससे भारत ने 2007 टी20 विश्वकप जीता था। इसके बाद पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी और विराट कोहली नजर आते हैं। प्रोमो में रोहित , विराट को अपने कंधो पर उठाते हुए नजर आते हैं। ये तस्वीर 2022 टी20 विश्व कप की है जब विराट ने अपनी आक्रामक पारी से भारत को जीत दिलाई थी। इस मैच में विराट ने हारिस राउफ पर लगातार 2 जबरदस्त छक्के लगाए थे और मैच भारत की ओर ओर मोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद नवाज के अंतिम ओवर में चौके-छक्के लगाकर भारत को जीत दिलाई थी। प्रोमो में इसके बाद टी20 विश्व कप का लोगो और शुरु होने की तारीख नजर आ रही है।

# सहवाग बोले, धोनी को टी-20 विश्वकप के लिए शामिल किया जाना चाहिये



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को आगामी टी20 विश्वकप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखा जाना चाहिये जबकि धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। वह अभी केवल आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी स्वयं भी संन्यास से वापसी किसी कीमत पर नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने हाल ही मैं संकेत दिये थे कि अगर उनका शरीर साथ देगा तभी वह अगले सत्र में खेलेंगे। वहीं सहवाग का कहना है कि आगामी टी-20 विश्वकप में धोनी को शामिल किया जाना चाहिये। टी-20 विश्वकप एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा कुछ ही समय में होगी। सहवाग ने एक शो पर विकेटकीपर के तौर धोनी को लेकर जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, आईपीएल में इस बार धोनी का 255 का स्ट्राइक रेट है और औसत है ही नहीं, क्योंकि वह आउट ही नहीं हुए हैं। 34 गेंदों में अब तक धोनी ने 87 रन बनाए हैं। इसके अलावा उनकी फिटनेस भी अभी काफी अच्छी है। सहवाग ने साथ ही कहा, टी-20 विश्वकप में कीपिंग के साथ ही धोनी अनुभवी होने के कारण अंतिम ओवरों में एक बेहतर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। अभी भी वह आईपीएल में विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी कर रहे । गौरतलब है कि आईपीएल में अब तक धोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रशंसकों का अच्छामनोरंजन किया है। धोनी ने अंतिम ओवरों में आकर अपनी तूफानी बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलायी है। लखनऊ के खिलाफ मैच में धोनी ने केवल 9 गेंदों पर 28 रन बना दिये थे।

# टी20 विश्व कप में भी खेलना चाहते हैं स्टोइनिस



**चेन्नई (एजेंसी) ।** ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने कहा है कि वह केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिलने बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस ऑलराउंडर को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया है। माना जा रहा है कि इसका कारण उनकी बढ़ती उम्र है। स्टोइनिस अभी 34 साल के हैं। ये ऑलराडर आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से उत्साहित है और आगे भी ऑस्ट्रेलिया से खेलना चाहता है। स्टोइनिस ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए सीएसके के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपने को साबित किया है।अब उनका लक्ष्य आगामी टी20 विश्व कप के साथ ही आगे भी खेलना है।

वहीं गत माह सीए ने जो अनुबंध सूची जारी की थी उसमें स्टोइनिस को 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया था। स्टोइनिस हालांकि सीए अनुबंध से बाहर किये जाने को अधिक महत्व नहीं देते हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा, 'मेरे ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं। इस कारण से मुझे पहले से ही अनुबंध नहीं मिलने की बात पता थी। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए ही मुझे बाहर किया गया। इसमें कोई गलती भी नहीं है। अनुबंध सूची में मेरी जगह देने से ज्यादा असर नहीं पड़ता। वह राष्ट्रीय टीम के साथ अब अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं ये पक्का करना चाहता हूं कि मैं राष्ट्रीय टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट हमारे लिए और विशेषकर मेरे लिए बहुत भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं।

स्टोइनिस को जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया पर इसके बाद भी वह टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। स्टोइनिस को टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम में पांचवें स्थान पर रखे जाने की संभावना है। स्टोइनिस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलियाई चयन के लिए योग्य होंगे क्योंकि उनका 2023-24 सत्र के लिए अनुबंध 30 जून तक है।

# बीसीसीसी ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख को लगायी फटकार

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाना भारी पड़ा है। इसके कारण बीसीसीआई ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी है। बीसीसीआई ने रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया है। ये ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। गुजरात के खिलाफ मैच में एक विकेट लेने के बाद रसिख ने आक्रामक जश्न मनाया था। रसिख ने इस मैच में चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली ने आखिरी ओवर तक चले मुकाबले में 4 रन से जीत हासिल की। दिल्ली ने पहले खेलते हुए अक्षर पटेल के 66 तो कप्तान ऋषभ पंत के 88 रनों की बदौलत 224 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 220 रन बनाये।

# पाक को झटका , टी20 सिरीज से बाहर हुए रिजवान और नियाजी

कराची । पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। उसके विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ये बात कही है। पीसीबी के अनुसार जांच में रिजवान और इरफान की चोट गंभीर पायी गयी है। इसी के बाद दोनो को बाहर करने पर फैसला हुआ। रिजवान को तीसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। पीसीबी के अनुसार अब उसे 10 दिन तक मैदान के बाहर रहना होगा। वहीं नियाजी की भी मांसपेशियों में खिंचाव है। इन दोनो के बाहर होने से टीम की परेशानी बढ़ गयी है क्योंकि आजम खान पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसी कारण युवा खिलाड़ी हसीबुल्लाह को बुलाया गया है पर अन्य किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें एक-एक मैच में जीत के साथ ही बराबरी पर हैं।

# ऋषभ ने कैमरामैन से माफी मांग , छक्के से हुआ था घायल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी। ऋषभ की नाबाद 88 रन की पारी से दिल्ली ने 4 विकेट पर 224 रन बनाए। ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान जमकर 5 चौके और 8 छक्के लगाये। उनका एक छक्का मैच कवर कर रहे कैमरामैन को लग गया। इसका पता चलते ही ऋषभ मैच समाप्त होने के बाद कैमरामैन के पास पहुंचे और माफी मांगी। ऋषभ के इस कार्य की सभी प्रशंसकों ने सराहना की है।

ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान अक्षर पटेल के साथ मिलकर 113 रनों की अहम साझेदारी भी निभाई। इस साझेदारी के बल पर ही दिल्ली की टीम मुकाबला जीतने में सफल रही। अक्षर ने इस मैच में 66 रनों की तेज पारी खेलकर कैपिटल्स को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने भी अच्छा प्रयास किया। गुजरात की ओर से डेविड मिलर ने तेजी से 55 रन बनाये। वहीं अंतिम ओवरों में राशिद खान ने भी आक्रामक पारी खेली पर इसके बाद भी गुजरात को 4 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच का आकर्षण ऋषभ की पारी रही। ऋषभ ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने मोहित शर्मा के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये। इसमें 5 गेंदों पर चौके, छक्के लगाये। इसी दौरान उनका एक शॉट कैमरामैन को लग गया जिससे वह चोटिल हो गया।

वह अभी अपनी टीम की और से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऋषभ ने इस सतत्र में कैपिटल्स की ओर से अब तक 9 पारियों में 161.32 के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 342 रन बनाए हैं। गुजरात के खिलाफ 43 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्के के दम पर खेली गई नाबाद 88 रनों की पारी भी इसमें शामिल है।

# 'इम्पैक्ट' प्लेयर नियम से हो रहा खेल को नुकसान : एडम





**मुम्बई (एजेंसी) ।** आईपीएल को रोमांच बनाये रखने के लिए 'इम्पैक्ट' प्लेयर का जो नियम लाया गया है। उससे कई दिग्गज सहमत नहीं है। उनका कहना है कि ये खेल के लिए नुकसानदेह है। वहीं अब लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार ऑस्ट्रेलिया के एडम वोग्स ने कहा है कि इस नियम पर दोबारा विचार किया जाना चाहिये। उनके अनुसार इसकी जगह पर ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग का 'पावर सर्ज' होना चाहिये। इसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसले की अनुमति होती है।

'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसपर कई खिलाड़ियों ने सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी ऐसे खिलाड़ियों में शामिल हैं। उनका कहना है कि ये नियम ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदेह है। वोग्स भी रोहित से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है पर इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। साथ ही कहा, ''इस नियम के कारण् टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है पर इससे मैच में ऑल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है जबकि ऑलराउंडर हमेशा ही टीम को संतुलन प्रदान करते हैं।'' वहीं ऑस्ट्रेलिया के 'पावर सर्ज' के नियम को लेकर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है।

आईपीएल में जहां पारी की शुरूआत में छह ओवर का पावरप्ले होता है, वहीं बीबीएल में चार ओवर का पावरप्ले होता है। इसमें 'पावर सर्ज' सर्कल के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों का दो ओवर का चरण होता है जिसे बल्लेबाजी टीम अपनी पारी के 11वें ओवर के बाद किसी भी समय मांगती है।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने संन्यास की घोषणा की



इस्लामाबाद - पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी बिस्माह मारूफ ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद मारूफ ने 276 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया जिसमें उन्होंने 6,262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए जिसमें 33 अर्धशतक और 80 विकेट शामिल हैं। 136 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 29.55 की औसत से 3,369 रन बनाए हैं जिसमें 21 अर्द्धशतक शामिल हैं और 44 विकेट लिए हैं। 140 टी20आई में उन्होंने 27.55 की औसत से 2,893 रन बनाए हैं जिसमें 12 अर्द्धशतक शामिल हैं और 36 विकेट लिए हैं। कप्तान के रूप में मारूफ ने 96 मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया जिसमें 2020 और 2023 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2022 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप भी शामिल है। मारूफ ने आईसीसी के हवाले से अपने बयान में कहा, 'मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिन्होंने शुरुआत से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, खासकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे सक्षम बनाया।'

## मिस्र, नीदरलैंड ने किया गाजा संघर्ष खत्म करने और दो-राज्य समाधान लागू करने पर जोर



काहिरा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने नीदरलैंड के प्रधान मंत्री मार्क रुटे के साथ गाजा में हमास-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फोन पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं ने गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने और दो-राज्य समाधान को लागू करने की जरुरत पर बल दिया। मिस्र के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, श्री सिसी और श्री रुटे ने संघर्ष विराम तक पहुंचने की दिशा में काम करने और गाजा के सभी इलाकों में भरपूर मात्रा में मानवीय मदद पहुंचने को सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की, ताकि इस युद्ध के चलते गाजा पट्टी में होने वाली गंभीर मानवीय तबाही से बचाया जा सके। बयान में कहा गया कि उन्होंने यहां स्थिति बहाल करने और इलाके में सुरक्षा और शांति कायम करने में योगदान देने के लिए दो-राज्य समाधान के कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने की जरुरत पर भी जोर दिया। इस दौरान मिस्र के राष्ट्रपति ने फिलिस्तीनी शहर राफा में किसी भी इजरायली सैन्य अभियान के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन के गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति और क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर विनाशकारी परिणाम होंगे।

## आईएस के 11 आतंकवादियों को ईराक ने दी फांसी

बगदाद। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का सदस्य होने के आरोप में इराकी अधिकारियों ने 11 दोषियों को फांसी दी है। इस बात की जानकारी सुरक्षा से जुड़े एक सूत्र ने बुधवार को दी है। जानकारी देने वाले जेल अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण में नासिरिया शहर में नासिरियाह सेंट्रल जेल में मंगलवार को आतंकी होने के बिनय पर 11 लोगों को फांसी दी है। सूत्रों की मानें तो इराकी न्याय मंत्रालय की एक टीम ने इराकी राष्ट्रपति की इजाजत के बाद ही सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर मौत की सजा को क्रियांवित किया है। यहां बतलाते चलें कि वर्ष 2017 के आखिर में इराकी बलों द्वारा इराक में आईएस को हराने के बाद सैकड़ों आईएस समर्थक या तो मार दिए गए थे पकड़े गए थे, जबकि अनेक अन्य इराक या विदेश में बड़े पैमाने पर अभी भी छिपे हुए हैं। खास बात यह है कि इराक में मृत्युदंड की सजा को 10 जून 2003 में निलंबित कर दिया गया था, लेकिन हालात और सुरक्षा की दृष्टि से इसे अगस्त 2004 में फिर बहाल कर दिया गया है। अब खबर यह है कि ईराक में 11 आतंकवादियों को जो कि आईएस के बताए गए हैं को फांसी दे दी गई है। इसकी विस्तृत जानकारी सरकारी एजेंसी द्वारा फिलहाल नहीं दी गई है।

## हमास 5 साल के सीजफायर को तैयार

गाजा। गाजा में जंग के 6 महीने बाद हमास के एक सीनियर अधिकारी ने 5 साल के सीजफायर की इच्छा जाहिर की है। खलील अल-हैय्या ने कहा है कि अगर फिलिस्तीन एक अलग और आजाद देश बनता है तो हम हथियार डाल देंगे और एक साधारण राजनीतिक पार्टी के तौर पर काम करेंगे। हालांकि, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास का खात्मा करने की कसम खा चुका इजराइल इस समझौते के लिए सहमत हो इसकी संभावना न के बराबर है। अल-हैय्या का कहना है कि अगर फिलिस्तीन को 1967 की जंग से पहले के इलाके दिए जाते हैं तो वो इजराइल के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेगा।

## बांग्लादेश में इंडिया आउट कैंपेन फेल

ढाका। बांग्लादेश में मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने आम चुनावों का बहिष्कार किया था। इसके बाद बीएनपी ने नए मुद्दे को हवा देने की कोशिश करते हुए भारत के खिलाफ इंडिया आऊट कैंपेन शुरू किया था। जनवरी के बाद बीएनपी के बड़े नेताओं ने बांग्लादेश में विपक्ष की नाकामी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया। बीएनपी के महासचिव राहुल कबीर रिजवी ने अपनी भारतीय शॉल को जमीन पर फेंक दिया और आग लगा दी, सीधे तौर पर इंडिया आउट आंदोलन के साथ एकजुटता व्यक्त की। इसके बाद बीएनपी और उसकी समान विचारधारा वाली पार्टियों ने इस आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया पर बहुत प्रचार किया, लेकिन विरोध जमीन पर उतर नहीं पाया।

## इजराइल के साथ संघर्ष विराम को तैयार हमास.....लेकिन ये शर्त

तेलअवीव। गाजा में युद्ध के बीच हमास के नेता खलील अल हाया ने कहा है कि उनका संगठन इजरायल के साथ 5 साल के लिए संघर्ष विराम को तैयार है। साथ ही हमास के लड़ाके हथियार भी त्याग देने वाले है। हालांकि इसके लिए अल हाया की शर्त है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी देश का गठन हो और उसकी सीमा साल 1967 के पहले की हो। हाया गाजा में हमास के डेप्युटी चेयरमैन हैं। उन्होंने फिर से अपनी मांग दोहराकर कहा कि इजराइल के बंधकों को छोड़ने की डील में स्थायी संघर्ष विराम को शामिल करे। हमास नेता का यह बयान उस समय पर आया है, जब इजरायल राफा में भी जोरदार कार्रवाई करने जा रहा है, जो मिस्र की सीमा पर हमास का आखिरी बड़ा गढ़ है। अल हाया ने कहा कि हमास वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में एक पूरी तरह से संप्रभु फिलिस्तीनी देश का इच्छुक है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय निर्णयों के मुताबिक फिलिस्तीनी शरणार्थियों की वापसी भी हो। इससे पहले एक वरिष्ठ हमास नेता ने दावा किया था कि उनके नेता याह्या सिन्वार हाल ही में कई बार सुरंग से बाहर आए थे और उस इलाके में गाजा के लोगों से मुलाकात की। सिन्वार को भी हकीकत का अंजादा है। इजराइली खुफिया एजेंसियां सिन्वार को रोक नहीं पा रही हैं।

## भारत के पड़ोसी देश में तैनात होगी ड्रैगन की आर्मी

बीजिंग। चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी को बांग्लादेश में तैनात करने जा रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया कि बांग्लादेश की सेना के साथ संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया, प्रशिक्षण का मकसद चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यावहारिक आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। कियान ने कहा कि यह प्रशिक्षण संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के संदर्भ में तैयार किया गया है। इसमें एक मिश्रित प्रशिक्षण मॉडल शामिल होगा। बांग्लादेश में चीनी सेना की पहुंच बीजिंग की उस विस्तृत योजना का हिस्सा मालूम पड़ती है, जिसके तहत वह अपनी सैन्य मौजूदगी को वैश्विक स्तर पर बढ़ाना चाहता है।

## सिर से पांव तक बुर्के में दिखी ईरानी राष्ट्रपति की पत्नी

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान के तीन दिन के दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे थे। रईसी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ जरदारी सहित पाक के तमाम बड़े नेताओं से बात की। पाकिस्तान में रईसी के साथ उनकी पत्नी जमीला अलम अलहुदा की भी चर्चा है, जो पति के साथ इस्लामाबाद पहुंचीं। ईरानी राष्ट्रपति की पत्नी ने कहा कि पाकिस्तान के बारे में उनकी धारणा पहले से ही सकारात्मक थी। गाजा पट्टी में जारी जंग पर अलहुदा ने कहा कि इजरायल फिलिस्तीनियों का नरसंहार कर रहा है।



केन्या में भारी बारिश के बीच निकलती हुई एक वृद्ध महिला की सहायता करते हुए लोग।

## 5000 भारतीयों को रवांडा भेजेगी, ब्रिटेन सरकार

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5000 अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को, अफ्रीका के देश रवांडा भेजने का फैसला किया है। 5000 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे थे। उन्होंने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे ना मंजूर कर दिया है। 1 जनवरी 2022 के बाद से अवैध रूप से जो भी लोग ब्रिटेन पहुंचे हैं। ब्रिटेन सरकार द्वारा उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। नाही ब्रिटेन सरकार उन्हें अपने देश में रखना चाहती है। ब्रिटेन में रह रहे यह 5253 भारतीयों मे 60 फीसदी से अधिक 18 से 29 साल के बीच के हैं। इंग्लिश चैनल को नावों के



जरिए पार करके यह लोग ब्रिटेन पहुंचे थे। अवैध रूप से ब्रिटेन भेजने वाले एजेटों ने इन युवाओं से लाखों रुपए वसूल किए थे। भारत सरकार से कोई सहायता इन्हें नहीं मिली। इसके बाद ब्रिटेन सरकार ने 5000 से अधिक भारतीयों को रवांडा भेजने का फैसला किया है। ब्रिटेन सरकार रवांडा की सरकार को प्रति शरणार्थी 63 लाख रुपए अदा करेगी। ब्रिटेन में सभी देशों के जो शरणार्थी रह रहे थे। उसके लिए ब्रिटेन की सरकार ने 18900 करोड रुपए रवांडा की सरकार को दिए हैं। रवांडा 2009 में राष्ट्रमंडल में शामिल हो गया है। भारत सरकार ने अभी तक अपने नागरिकों को भारत वापस लाने के लिए कोई पहल नहीं की है। जिसके कारण अब यह रवांडा में रहने के लिए मजबूर होंगे।

# अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों की सलाह मानने से इजराइल का इंकार, राफा को ध्वस्त करने पर अमादा

**तेल अवीव (एजेंसी)।** अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों ने इजराइल को सलाह दी है कि वह युद्ध से पीछे हट जाए। इसके बाद भी इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले की तैयारी पूरी कर ली है। इजराइल ने बुधवार को कहा कि वह राफा पर हमले की तैयारी में है और उसकी सेना आगे बढ़ रही है। उसके इस ऐलान से पड़ोसी देश मिस्र भी नाराज हो गया है। इजराइल यह हमला करेगा, इसकी कोई टाइमलाइन तय नहीं है, लेकिन हमला कभी भी हो सकता है।


अब इजराइल का कहना है कि हमास की 4 सशस्त्र यूनिटों ने राफा शहर में ठिकाना बना लिया है। ऐसे में उसे नेस्तनाबूद करने के लिए राफा पर जमीनी हमला करना जरूरी है। इस बार इजरायल यह सावधानी भी रख रहा है कि उस पर आम नागरिकों के कत्लेआम का आरोप न लगे। इसीलिए उसने हमले से पहले टेंट सिटी बसाने का प्लान बनाया है ताकि राफा से निकलने वालों को शरण दी जा सके। वहीं मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी ने इजरायल को चेतावनी दी है कि यदि उसने राफा पर हमला किया तो गंभीर परिणाम होगे। राफा शहर पर हमले को लेकर मिस्र इसलिए चिंतित है क्योंकि वह उसकी सीमा से सटा हुआ है। पहले ही गाजा पर हमला होने के बाद से बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी मिस्र चले गए हैं। ऐसे में अब राफा पर अटैक होने से और बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों के मिस्र में घुसने का डर है। राफा शहर की आबादी करीब 10 लाख की है। मिस्र के अलावा अमेरिका का भी कहना है कि इजरायल को यह



ऑपरेशन नहीं करना चाहिए। बता दें कि इजरायल ने दक्षिणी गाजा से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। इसके बाद अब राफा पर हमले की तैयारी है।

इजरायली सेना के सूत्रों का कहना है कि करीब 40 हजार टेंट खरीदे गए हैं। हर टेंट में 10 से 12 लोग रह सकते हैं। इजरायल इस बार राफा पर हमला करने से पहले टेंट सिटी तैयार करेगा ताकि वहां से बाहर निकलने वाले फिलिस्तीनियों को वहां रखा जा सके। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू खुद कई बार दोहरा चुके हैं कि राफा पर हमला किया जाएगा। गाजा का यही एक ऐसा शहर है, जिसमें अब तक इजरायली सेना नहीं घुसी थी। हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया था। उसके बाद से ही इजरायल हमलावर है और खान यूनिस समेत गाजा के कई शहरों को तबाह कर दिया है। इजरायल के हमलों में अब तक 35 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

## अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर रुस ने किया वीटो



**-कहा-प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों को बैन करने में सक्षम नहीं**

**जेनेवा, (एजेंसी)।** अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ को रोक लगाने के लिए पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने इसका विरोध किया और चीन इस मामले पर नदारद रहा। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। रुस ने कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों को बैन करने में सक्षम नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर ऐसे किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो मानवजाति के लिए भारी तबाही का कारण बनेंगे। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 के अंतरराष्ट्रीय संधि के अंतर्गत प्रतिबंधित है।

अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने इस प्रस्ताव के मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो किया जाना यह संकेत देता है कि रुस सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है।

बता दे कि व्हाइट हाउस ने फरवरी में इस बात की पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है। 18 मार्च को थॉमस-ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव की घोषणा की थी। रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने बाद में इस बात की घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है। पुतिन ने दावा किया कि रूस ने केवल अमेरिका के समान ही अंतरिक्ष क्षमताएं विकसित की हैं।

## श्रीलंका भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग बढ़ा रहा : रानिल विक्रमसिंघे

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर योजना बना रहा है। इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा। भारतीय कंपनी आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि एक उभरते हुए आर्थिक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति और एक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक-दूसरे के पूरक होगी।

विक्रमसिंघे ने कहा, मुझे कोई संदेह नहीं है कि यह (आईटीसी रत्नादीपा) श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ाने में मदद करेगा, खासकर भारत से... यह उस बयान के अनुरूप है जिस पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और मैंने पिछले साल हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, भारत अब उभरते आर्थिक दिग्गजों में से एक है और हम



(श्रीलंका) लॉजिस्टिक्स के मामले में भारत के बाद एक महत्वपूर्ण स्थान पर हैं।''

पर्यटन क्षेत्र पर खासतौर पर विक्रमसिंघे ने कहा, '' मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई वर्षों तक, श्रीलंका छुट्टियां बिताने के लिए उपयुक्त स्थान रहेगा। आने वाले समय में बेंगलुरु, चेन्नई या हैदराबाद में किसी व्यक्ति के लिए विमान के द्वारा यहां आना भारत के उत्तरी हिस्से में जाने से अधिक आसान होगा। आईटीसी का नया होटल किसी भी भारतीय कंपनी द्वारा श्रीलंकाई आतिथ्य क्षेत्र में सबसे बड़े निवेश (करीब 3,000 करोड़ रुपये) में से एक है।

# दुबई में तबाही वाली बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग नहीं जिम्मेदार: विशेषज्ञ

**- दुबई में जिस तरह बेतहाशा बारिश हुई, उसे लाना इंसान के बस की बात नहीं**

**दुबई (एजेंसी)।** बीते 16 अप्रैल को संयुक्त अरब अमीरात और उसके आस-पास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बारिश ने हाहाकार मचा दिया था। अरब प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में उस दिन 24 घंटे में इतनी बारिश हुई ती, जितनी अमूमन 18 महीने में होती है। बारिश ने यूएई के सबसे स्मार्ट शहर दुबई की तस्वीर बिगाड़ कर रख दी थी। दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। हालात ये हो गए थे कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाई अड्डा बंदरगाह की तरह हो गया था। कई ?विशेषज्ञ ने इस भारी बारिश के पीछे यूएई में होने वाली क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया था लेकिन ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर रिचर्ड वाशिंगटन ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि दुबई में जिस तरह बेतहाशा बारिश हुई है, उसे लाना इंसान के बस की बात नहीं है। भाषा से उन्होंने बताया ?कि चैट समूह में मौसम-विज्ञानी होने के नाते, मैंने उपग्रह और पूर्वानुमान मॉडल डेटा को देखा। मैंने जो देखा वह एक आदर्श तूफान के अवयव थे। अरब प्रायद्वीप जैसे पुराने



रेगिस्तानों को आम तौर पर बहुत शुष्क बनाए रखने वाली चीज़ हवा का लगातार और तीव्र रूप से डूबना है, जो बारिश के लिए आवश्यक चीजों के बिल्कुल उलट है। गर्म महासागरों के निकट के रेगिस्तानों में, वाष्पीकरण प्रचुर मात्रा में होता है। लेकिन उस नमी को ऊपर डूबती हवा ने कैद कर रखा होता है। यह एक कड़ाही की तरह होता है जिसका ढक्कन मजबूती से लगा हुआ है। 16 अप्रैल को कड़ाही से जिस चीज ने ढक्कन हटाया वह असामान्य रूप से दूर दक्षिण में एक बहुत ऊंचाई वाली जेट स्ट्रीम थी। वास्तव में दो जेट स्ट्रीम, उपोष्णकटिबंधीय जेट और ध्रुवीय जेट, जो एकजुट हो गए थे और अपने पीछे आयातित, ठंडी हवा छोड़ गए थे। कड़ाही के ढक्कन के साथ-साथ डूबती हुई हवा भी खत्म हो गई थी। इस बीच उत्तरी उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर से नमी भरी हवा का प्रवाह तेजी से बढ़ रहा था और रेगिस्तान में एकत्रित हो रहा था। संयुक्त अरब अमीरात में ओस बिंदु तापमान सामान्य रूप से कांगो बेसिन के वर्षावनों में पाए जाने वाले तापमान के समान था। इन परिस्थितियों में, तूफान बहुत तेजी से विकसित होते हैं। इन्फ्रारेड उपग्रह डेटा से पता चला कि इसका आकार फ्रांस के बराबर था।

# अमेरिका ने छिपकर यूक्रेन को दीं लंबी दूरी की मिसाइलें

**-1 महीने बाद खुलासा किया; रूस में 300 किमी अंदर तक कर सकती है हमला**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिका ने छिपकर यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें दी हैं। अमेरिका रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि उसने यूक्रेन को एटीएसीएमएस की 12 मिसाइलें दी थीं। अमेरिका मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहले यूक्रेन को एटीएसीएमएस मिसाइल देने से मना कर दिया था। बाद में फरवरी के महीने में अमेरिकी राष्ट्रपति ने मिसाइल देने की मंजूरी दे दी। हालांकि, तब इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। पेंटागन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल गैरन गार्न ने बताया कि यूक्रेन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसकी जानकारी छिपाई गई।


मिसाइल देने के बाद इस डिलीवरी को 12 मार्च के सहायता पैकेज में शामिल कर दिया गया था। अप्रैल महीने की शुरुआत में एटीएसीएमएस मिसाइल यूक्रेन पहुंच गईं। इसकी रेंज 300 किलोमीटर है, यानी अगर जंग में इसका इस्तेमाल होता है तो यह रूस में 300 किमी अंदर तक अटैक कर सकती है।

### एक साल में 500 एटीएसीएमएस मिसाइल बन रहीं

मिसाइलें जितनी ताकतवर होती हैं, उन्हें बनाने में उतनी ही मेहनत और समय लगता है। एटीएसीएमएस को बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन एक साल में 500 मिसाइलों का प्रोडक्शन करती है। यूक्रेन को मिसाइल देने से पहले अमेरिका ने कंपनी से ज्यादा से ज्यादा मिसाइलें खरीदीं, ताकी अमेरिका के जखीरे में इनकी कमी न हो। दरअसल, अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक रूस ने इस साल की शुरुआत में उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइल खरीदी थी और मार्च में इससे यूक्रेन के रिहाइशी इलाकों पर हमला किया। इसके बाद ही बाइडेन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल देने पर सहमति जताई। पेंटागन ने बताया कि अमेरिका ने एटीएसीएमएस मिसाइल देते समय सभी नियमों का पालन किया है। वहीं बाइडेन ने बुधवार को यूक्रेन को 5 लाख करोड़ रुपए के सहायता पैकेज से जुड़े बिल पर साइन किया। पेंटागन के मुताबिक, इस पैकेज में भी यूक्रेन को एटीएसीएमएस मिसाइलें देने की बात कही गई है। इससे पहले अमेरिका ने पिछले साल नवंबर में यूक्रेन को कम दूरी वाली एटीएसीएमएस मिसाइल दी थी। इसकी रेंज 160 किमी थी।

### तीसरे साल में रूस-यूक्रेन युद्ध

रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने तीसरे साल में पहुंच गया है। यूक्रेन के हथियार और सैनिक दिन पर दिन कम होते जा रहे हैं। यूक्रेन-रूस जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। वहीं यूक्रेन ने जंग के दूसरे साल में 27 हजार 300 रूसी सैनिकों को गंवाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ा हो सकता है। इससे पहले फरवरी में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी यूक्रेनी सैनिकों की मौत का आंकड़ा बता



चुके हैं। जेलेंस्की के मुताबिक युद्ध में अब तक सिर्फ 31 हजार यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई है। हालांकि अमेरिकी खुफिया जानकारी के मुताबिक यूक्रेन के 70 हजार से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जादूगोड़ा मोड़ चौक पर 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन, लौटी कीर्तन मंडली



**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा मोड़ चौक पर एक दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का बुधवार को समापन हो गया।इधर 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन के समापन के साथ कीर्तन मंडली वापस लौट गई आपको बताते चले कि जादूगोड़ा मोड़ चौक पर एक दिवसीय हरिनाम संकीर्तन से पूरा जादूगोड़ा भक्तिमय हो गया है। इस मौके पर बड़ा - भूमरी पोटका से आए कीर्तन मंडली की ओर से कृष्णा -कृष्णा, हरे - हरे के जाप से पूरा जादूगोड़ा गुंजायमान हो गया था।इस विषय पर श्री - श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्य संजीव लाहा ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद हर घर में खुशहाली आए इसी को लेकर हरिनाम संकीर्तन की आयोजन किया गया।आनेवाले वर्षो पर हर साल हरिनाम संकीर्तन के जरिए राज्य व देश की खुश हाली की कामना की जाएगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी की ओर से,देवब्रत नमाता,, संजीव लाहा , शिवु पाल, संजू बारीक,अमित साव,प्रेम गुप्ता समेत कमिटी के सभी सदस्यों की अहम योगदान दिया।

### पूर्व जिला पार्षद के अगुयाई में जाति प्रमाण पत्र के लिए राजू प्रमाणिक पंहुचे जिला उपायुक्त के पास



**जादूगोड़ा:** बीते एक महीने से जाति प्रमाण पत्र के लिए परेशान पोटका प्रखंड के डोमजुड़ी गांव के इंटर मिडिएट के छात्र राजू प्रमाणिक आज पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल के साथ उपायुक्त कार्यालय पंहुच कर अपना दुखड़ा सुनाए तथा त्वरित कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन भी दिए। पीड़ित राजू प्रमाणिक द्वारा लगभग एक माह पूर्व अपने जरूरत के आधार पर अपना जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था पर अंचलाधिकारी पोटका निकिता वाला द्वारा उसे इस कारण से रिजेक्ट किया गया था की खतियान में इनके जाति ₹नापित₹ दर्ज है जबकि ऑनलाइन सूची में ₹नाई/हजाम₹ दर्ज है जिसके कारण ये संभव नहीं है। जबकि ये जगजाहिर है की ₹नाई₹ एवं ₹नापित₹ दोनों एक ही जाति है तथा वर्ष 2022 को पोटका के तत्कालीन अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद द्वारा राजू के चचेरे बहन शिवानी प्रमाणिक को ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था जो सबूत के तौर पर अंचलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के बावजूद कोई लाभ नहीं हुआ। अंततः तब बीते 28-03-2024 को उक्त विषय को लेकर अनुमंडलाधिकारी धालभूम के संबंधित विषय की विस्तृत जानकारी देते हुए समस्या की त्वरित समाधान हेतु आवेदन दी गई थी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं देखते हुए आज पुनः उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के समक्ष आवेदन देकर समस्या की अविलंब समाधान की अनुरोध कि गई। पूर्व पार्षद ने कहा चुनाव की व्यस्तता है पर ऐसी जनहित के मुद्दे को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है अतः इस पर ससमय समुचित कार्रवाई हो।आज पूर्व पार्षद श्री मंडल के साथ पीड़ित छात्र राजू प्रमाणिक, उनके चाचा कृष्ण प्रमाणिक, मुनीराम बास्के, दीपक भकत आदि मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण रूप से पहले मतदान फिर जलपान : मुखिया देवी कुमारी भूमिज



**जादूगोड़ा :** हिंदी मध्य विद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर उपस्थित सभी अभिभावकों को गूगल मे इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के माध्यम से अपने वोटर आईडी का सही जानकारी किस तरह से प्राप्त करें यह शिक्षकों के द्वारा विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया । मुखिया ने सभी जानकारी उपलब्ध कराते हुए उपस्थित सभी अभिभावकों को स्वतंत्र होकर निष्पक्ष होकर जाति ऊंच नीच भेद-भाव को छोड़कर जो देश के लिए उचित हो, जो राष्ट्र को विकसित की ओर ले चले वैसे मत का चयन करते हुए शांतिपूर्ण रूप से मतदान, फिर जलपान करे. बातों से प्रेरित करते हुए जागरूक किया।साथ ही मुखिया ने कहा कि 30 बच्चों का रिजल्ट होने वाला है तत्पश्चात 1 तारीख से नए बच्चों का नामांकन शुरू होने वाली है उपस्थित सभी अभिभावकों से विनम्रता पूर्वक मुखिया ने कहा कि हम सब मिलकर प्रयास करेंगे कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है ताकि आने वाले दिन में हमारे देश का भविष्य उज्जवल हो।

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**लोहरदगा।** गुरुवार 25 अप्रैल को कम मतदान प्रतिशत वाले दुर्गम क्षेत्र पेशरार प्रखंड अंतर्गत मनहे पाट , चापरोंग, होनहे इत्यादि ग्रामों में जिले के स्विप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के साथ बैठक करके पोस्टर पंपलेट मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। उन्हें 13 मई 2024 को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। घर-घर जाकर पारंपरिक शैली में हल्दी चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान केंद्र में आकर वोट देने का निमंत्रण दिया गया।

# चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस कर रही तुष्टिकरण की राजनीति : अविनेश सिंह

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह गुरुवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पर चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह राजनीति नई नहीं है। 60 के दशक से भाजपा इसका विरोध करते आ रही है।




भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवास पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है, न समाजहित में और ना ही लोकहित में है। कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है। इस बार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है।इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है। जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी, जो आज 5वें नंबर पर है। भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने।

**भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को मिलता है बराबर का हक**

उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है, जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नहीं है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं, लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे।

## ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, युवती घायल

बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी पतराकोना में चालक की लापरवाही से बालू लदा ट्रैक्टर एक कच्चे एल्वेस्टर मकान में धक्का मार दिया जिससे 19 वर्षीय युवती दीवार के मलबे से दबकर घायल हो गई है। युवती को 108 एम्बुलेंस के सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर गस्ती दल घटना स्थल पर पहुंच गई है। घटना अहले सुबह की बताई जा रही है। सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी पतराकोना के समीप स्तिथ महावीर उरांव के कच्चा मकान में बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर घुस गया, जिससे घर के अंदर चौकी में सो रही महावीर उराँव की 19 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी के पैर में दीवार के मलबे से गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को दी गई। उनके निर्देश पर गस्ती दल अलबिना लकड़ा के नेतृत्व में घटना स्थल पहुंच कर कारवाई में जुट गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ट्रैक्टर बजरंग साहू द्वारा चलवाया जाता है। जानकारी अनुसार बालू लोडडे ट्रैक्टर मेढो कोयल नदी से अवैध बालू उठा कर लोहरदगा की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था इसी क्रम में महावीर उराँव के घर के समीप पहुंचते ही मोड़ में ट्रैक्टर चालक अपना संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जबकि घटना का दूसरा कारण संवेदक की लापरवाही भी बताई जा रहा है। ज्ञात हो कि वी के एस कंट्रक्शन के संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन पथ निर्माण के उपरांत रोड के किनारे मिट्टी भराई नही की गई है जिससे हादसे की बात बताई जा रही है।

### शादी समारोह में मायके जा रही वृद्धा सड़क पार करते हादसे का शिकार

**पलामू** । पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरूवार की अहले सुबह एक 65 वर्षीया वृद्धा हादसे का शिकार हो गयी। महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पति के सामने ही महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी रामकली देवी पति शिव प्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है।

### अग्निश्मन विभाग द्वारा अगलगी के प्रति किया गया जागरूक

**लोहरदगाः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को में गुरुवार को अग्निशमिन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगो को आगलगी के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद विभाग के सुरेंदर यादव ने कहा कि आप सभी को मालूम है कि गर्मी बढ़ने लगी है, लू चल रहा है ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही से आग लगने कि संभावना बनी रहती है, इसलिए सभी लोग सावधानी से घर पर खाना बनाएंगे और खाना बनाते समय पास मे बाल्टी में पानी भरकर जरूर रखें। उन्होने आग लगने के कारण और उससे निपटने के उपाय पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर गैस से लगने वाले आग और उसे बुझाने के उपाय पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर विभाग के मनीष कुमार शर्मा, अभिजीत कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों को स्वीप शपथ के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश ( जेएसएलपीएस ) द्वारा दिनांक 25 / 04 / 2024 को संयुक्त रूप से लोहरदगा जिला स्वीप कोषांग टीम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा मैडम , जिला समन्वयक एवं जेएसएलपीएस पेशरार टीम के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पेशरार प्रखंड के चापरोंग एवं हेन्हे गाव में भ्रमण किया। टीम का स्वागत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। टीम ने उपस्थित सभी ग्रामीण लोगों को स्वीप शपथ के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया । साथ ही साथ सेन्हा प्रखंड में प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा जेएसएलपीएस के द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप सपथ पर सपथ लिया गया तथा स्वीप रैली भी निकाली गयी , मौके पर सेन्हा बीडीओ संग्राम कुजूर एवं सेन्हा जेएसएलपीएस की टीम सहित सखी मंडल की सैकड़ो दीदियाँ रैली में उपस्थित रहीं क

इसी क्रम में कुडू एवं कैरो प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल / ग्राम संगठन / स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप पर शपथ लिया गया एवं ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही साथ कैरो प्रखंड में स्वीप रंगोली बनाकर सखी मंडल की दीदियों ने मतदान के प्रति जागरूक किया।

जादूगोड़ा व आस – पास के क्षेत्रों में मनी गंगा नारायण सिंह की 234 वां जन्म दिवस

### गंगा नारायण सिंह की ब्रिटिश शासन के खिलाफ सामूहिक संघर्ष आज की मांगः सिदेश्वर




**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा व आस - पास के क्षेत्रों में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 234 वां जन्म दिवस.मुख्य कार्यक्रम बड़ा सिकदी स्थित पर्यावरण चेतना केंद्र में आयोजित की गई जहा एक दर्जन गांव की महिला - पुरुषों ने गंगा नारायण सिंह की प्रतिमापर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की व ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनके लड़ाई याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर आदिवासी नेता सिदेश्वर सरदार ने वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा कहा की उनका जन्म 1790 में चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह प्रखंड बांधडीह गांव में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया ।उनके जन्म के तीन साल बाद भूमि बंदों बस्ती कानून आया। आदिवासियों की सामूहिक परंपरा को व्यक्ति में ब्रिटिश शासन में बटवारा शुरू हुई। जो ब्रिटिश की बात नही मानते उसके खिलाफ ब्रिटिश शासन उसे उसकी जमीन से बेदखल करते या उसे जेल भेजने को धमकी देता।जिसके खिलाफ वीर शहीद गंगा नारायण सिंह ने आंदोलन की बिगुल फुकी व बंदों बस्ती का विरोध जताया।अब अंग्रेजों के तर्ज पर कॉरपोरेट भी जमीन से लोगो को बेदखल कर रही है।जिसे सामूहिक नेतृत्व के जरिए बचाने की जरूरत है। कार्यक्रम में आदिवासी नेता सिदेश्वर सरदार, विभीषण सरदार,जयंती सरदार, गौरी सरदार,अर्जुन सरदार, सुरेश सरदार, जोबा टुडु,प्रियंका मुंडा, पुष्पा गहराई,भारती सरदार,जगदीश सुंडी, जय पाल सरदार ,जनार्दन मार्डी समेत बड़ा सिकदी डोकरसाई, ग्वालकाटा, शेरेगडीह, तिरुलघुटु,के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

### ड्राप आउट बच्चे को विद्यालय लाने का किया गया प्रयास



बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** प्रयास कार्यक्रम के तहत पंचायत ककरगढ़ की मुखिया चेमनी टोप्पो एवं पीरामल संस्था के जिला कार्डिनेटर एकराम खान, मध्य विद्यालय ककरगढ़ के एक-एक ड्राप आउट बच्चे को घर जाकर स्वयं बच्चे को सजाकर, स्कूल पोशाक पहनाकर, बैग और कापी देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय परिसर तक लाया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, समाजसेवी रोजामत अंसारी, विद्यालय के बच्चे बैंड के साथ ड्राप आउट बच्चा इमरान अंसारी के साथ रहे। मौके पर निरक्षरों के बीच कापी, पेन्सिल,रबर और पेन का वितरण किया गया।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com